


सत्य की उडान

# अलग पहचान

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक



रांची, रविवार 05 मई 2024, वर्ष 10, अंक 121 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया


# पिछड़ों और दलितों के आरक्षण को किसी हाल में छीनने नहीं देंगे : प्रधानमंत्री मोदी

**पलामू** (झारखंड)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे संविधान को आंच नहीं आने देंगे। पिछडों और दलितों के आरक्षण को किसी हाल में छीनने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री ने जनसभा में उमड़ी भीड देखकर कहा कि आप लोगों ने जेएमएम-कांग्रेस को दिन में ही तारे दिखा दिए। साथ ही उन्होंने लोगों को वोट की ताकत भी बताई। वे शनिवार को राज्य के पलामू जिला मुख्यालय डालटनगंज के चियांकी हवाई अड्डे पर चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपके एक वोट से 500 वर्ष बाद राम मंदिर बना। जम्मू-कश्मीर में आपके एक वोट से 370 हट गया। नक्सलवाद खत्म हुआ। इसी तरह एक वोट से 2014 में महाभ्रष्ट कांग्रेस सरकार का सफाया हो गया। आप अपने एक वोट की ताकत को समझिए और हमेशा देशहित की सोच रखने वाली पार्टी को सपोर्ट कीजिए। उन्होंने 13 मई को पहले मतदान फिर जलपान की बात कही। यह भी कहा कि गर्मी कितनी भी पडे लेकिन आप वोट के लिए घर से जरूर निकलिए। घर-घर जाइए और मतदाताओं से मिलिए। इस दिन अपना बूथ जीतिए। छोटी-छोटी यात्राएं निकाल कर उत्सव की तरह मतदान केन्द्र तक जाएं, तभी लोकतंत्र की मजबूती कायम रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले पाकिस्तान ने आतंक मचा रखा था लेकिन आज का नया भारत घर में घुसकर मारता है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने पाकिस्तान को हिला दिया। पहले झारखंड-बिहार के नौजवान हमेशा शहीद होते थे। आतंकवाद के डर से कांग्रेस सरकार दुनिया में जाकर रोती थी। आज पाकिस्तान पूरी दुनिया में जाकर रो रहा है। पाकिस्तान दुआ कर रहा है कि कांग्रेस के शहजादे पीएम बनें लेकिन पूरा भारत चाहता है कि मजबूत सरकार बने और मोदी सरकार बने।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिसने मां को धुएं में खांसते नहीं देखा वो गरीबी क्या जाने? जिसने लोटा भर पानी पीकर मां को भूख मिटाते नहीं देखा, वो गरीबी क्या जानेगा? शौचालय के अभाव में पीडा और अपमान नहीं देखा वो मोदी की आंसुओं का मर्म नहीं समझेंगे। कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि उन्होंने अपने घर में कई प्रधानमंत्री देखे। वे चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। दलित, आदिवासी के साथ फोटो खिंचवाते हैं और उनका मजाक उडाते हैं। कांग्रेस के लोग मोदी की आंसुओं में अवसर ढूंढते हैं। कहते हैं मोदी की आंखों में आंसू अच्छे लगते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पलामू को पिछडा जिला कहकर कोई बढिया अधिकारी यहां आना नहीं चाहता था। कांग्रेस सरकार इस जिले को हीन भावना से देखती थी लेकिन उन्होंने पलामू को आकांक्षी जिला बनाकर विकास के पैमाने पर लाकर खडा किया। पहले 100 में 14 ऐसे लोग थे, जिनके पास पक्के मकान थे। करीब-करीब सबके पक्के मकान हैं। यदि किसी के कच्चे मकान रह गए हैं तो उनके नाम और पते लिखकर भेज दीजिएगा। तीसरे कार्यकाल में पक्का मकान बना दिया जायेगा। इसकी गारंटी आप लें। आप सब में मोदी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने यह भी कहा कि कांग्रेस दलित, पिछडे एवं आदिवासियों का आरक्षण मुसलमानों को देना चाहती है। जबतक मोदी जिंदा है तबतक धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जायेगा। आरक्षण को हम जाने नहीं देंगे। संविधान को छेडछाड कर बदलने नहीं देंगे। मैं पहला प्रधानमंत्री हूं जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली गया। वर्ष 2025 में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती हिन्दुस्तान के हर कोने में जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जायेगा।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि झारखंड में भाजपा-आजसू के साथ पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव लड रही है। पलामू से विष्णु दयाल उम्मीदवार हैं। 13 मई को उन्हें जिताने एवं केन्द्र में मोदी की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा को वोट दें। वीडी राम इतने सरल हैं कि इन्हें देखकर कोई नहीं कहता कि वे डीजीपी भी रह चुके हैं। जब भी परिचय कराता हूं तो लोग मानने को तैयार नहीं होते।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस और सुरक्षाकर्मी चप्पे-चप्पे तैनात रहे। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




**नई दिल्ली।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली समेत पांच कांग्रेसी नेताओं ने कांग्रेस का पंजा छोड़कर भाजपा का कमल थाम लिया है। लवली के अलावा राजकुमार चौहान, नीरज बसोया, अमित मलिक और नसीब सिंह भी भाजपा में शामिल हो गए। इन सभी को आज भाजपा मुख्यालय में दिल्ली प्रदेश वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी में शामिल किया। बता दें कि 28 अप्रैल को ही लवली ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था।

# कोर्ट ने आरोपित वकील विनोद चौहान को तीन दिनों की इडी हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आरोपित वकील विनोद चौहान को तीन दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने यह आदेश दिया।विनोद चौहान को कल यानी 3 मई को गिरफ्तार किया गया था। पेशी के बाद ईडी ने विनोद चौहान की चार दिनों की हिरासत की मांग की थी। आरोप है कि के कविता के निजी सचिव अशोक कौशिक ने विनोद चौहान को रुपये से भरे बैग दिए थे। विनोद चौहान ने यह धनराशि हवाला के जरिये आम आदमी पार्टी को गोवा चुनाव के लिए




भेजी थी। ईडी ने कहा कि विनोद चौहान के पास से 1.06 करोड़ रुपये जब्त किए गए और विनोद चौहान को यह पता था कि यह पैसा दिल्ली शराब घोटाले से आया है।

इस मामले में ईडी ने यह 18वीं गिरफ्तारी की है। इस मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी न्यायिक हिरासत में हैं। सुप्रीम कोर्ट उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही है। तीन मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि वो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर सकता है। इस मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया न्यायिक हिरासत में हैं। सिसोदिया की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुका है, जिसके बाद उन्होंने दोबारा राऊज एवेन्यू कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 30 अप्रैल को सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उसके बाद सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी और सीबीआई को नोटिस जारी किया है।

# टाटानगर सहित देश के 61 स्टेशनों पर खुलेंगे पीएम जन सुविधा केंद्र

**जमशेदपुर।** टाटानगर सहित देश के 61 रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री भारतीय जनसुविधा केंद्र खुलेंगे। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।आदेश के तहत सभी स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में ये जनसुविधा केंद्र खुलेंगे। जिसमें दवाएं सहित अन्य उपभोग की वस्तुएं मिलेंगी।रेलवे बोर्ड ने इसके लिए प्रति स्टाल 12.23 लाख रुपये आवंटित किए हैं। बोर्ड ने सभी जोन को निर्देश दिया है कि वे उक्त राशि से मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के तहत स्टेशन परिक्षेत्र में स्टाल का निर्माण कराएं। चक्रधरपुर मंडल में टाटानगर एकमात्र स्टेशन है जहां प्रधानमंत्री भारतीय जनसुविधा केंद्र खोला जाएगा।




आसपास के स्टेशन में वर्द्धमान, जसीडीह, आरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, बरहमपुर, कटक, गोड्डा, बालासोर, रांची, पुरुलिया, बिलासपुर, अनुपपूर सहित अन्य स्टेशन शामिल हैं।गाडी संख्या 09336 हावडा-इंदौर स्पेशल ट्रेन की समय सारणी में बदलाव किया गया है। अब यह ट्रेन 5 मई रविवार को हावडा से 17.40 बजे खुलने के बजाय 09.35 बजे खुलेगी जो कि 14.20 बजे धनबाद पहुंचेगी और यहां से 14.30 बजे आगे प्रस्थान करेगी। 15.10 बजे ट्रेन गोमो पहुंचेगी और यहां से 15.15 बजे आगे प्रस्थान करेगी।

यहां से 15.30 बजे पारसनाथ पहुंचेगी और यहां से 15.35 बजे आगे को प्रस्थान करेगी। 16.20 बजे ट्रेन कोडरमा पहुंचेगी और यहां से 16.22 बजे आगे को प्रस्थान करेगी एवं सोमवार को 17.00 बजे इंदौर पहुंचेगी। यह जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद अमरेश कुमार ने दी।

**रांची :** झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन रांची इकाई के द्वारा एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के द्वारा पत्रकार सौरव शुक्ल के साथ जिस तरह से उनके कार्य करने से रोकने एवम उनके हाथ से उनका माइक आईडी छीन लेने को सरासर गलत समझती है ।जिस तरह से एसएसपी जी आप सरकार के आदेश के अनुसार अपना कार्य कर रहे थे,उसी प्रकार पत्रकार साथी सौरव शुक्ला जी अपने संपादक के आदेश के अनुसार कार्य कर रहे थे,परंतु माइक आईडी छीन लेना गलत है लोकतन्त्र के चौथे स्तंभ पर हमला है,श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की समझ है की इस तरह का आचरण एसएसपी जैसे पधाधिकारियो को शोभा नही देता है, साथ ही साथ श्रमजीवी पत्रकार यूनियन आपके इस कृत्य को चौथे स्तंभ पर हमला मानती है। और पत्रकारों के सम्मान को ठेश पहुंचाने वाला कार्य समझती है।इसलिए झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन झारखंड सरकार से मांग करती है , ऐसे पदाधिकारियो को तत्काल प्रभाव से दूसरी जगह पदस्थापित करे।इस तरह कार्य करके झारखंड सरकार को बदनाम करने की साजिश है झारखंड सरकार लगातार पत्रकार हित में कार्य करने का प्रयास कर रही है। पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन और सचिव अजय सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी किया है अगर जरूरत पड़ी तो आत्मसम्मान के लिए सड़क पर उतरकर भी आंदोलन करेंगे लेकिन पत्रकारों के दुर्व्यवहार को सहन नही करेंगे। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पत्रकारों के हित की रक्षा के लिए हमेशा मजबूती से लड़ाई लड़ती रहेगी और पत्रकार हित की रक्षा के लिए संकल्पित हो के लड़ाई लड़ते रहेगी ॥

# प्रियंका गांधी वाड्रा 13 मई को झारखंड के धनबाद जिले के बाघमारा पहुंचेंगी



**रांची** । कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा 13 मई को झारखंड के धनबाद जिले के बाघमारा पहुंचेंगी। वह इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में माथाबांध में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। उनके साथ कांग्रेस, झामुमो, राजद व अन्य सहयोगी दलों के नेता मंच साझा करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने दी।

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने बताया कि धनबाद से कांग्रेस की अनुपमा सिंह और गिरिडीह से झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो मैदान में हैं। प्रियंका के चुनावी दौरे के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# घात लगाए आतंकियों ने वायुसेना के वाहनों पर बरसाईं अंधाधुंध गोलियां

**जम्मू। जम्मू-कश्मीर** के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना के एक वाहन समेत दो वाहनों पर गोलीबारी की। इस हमले में पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हमला शाम को शशिधर के पास हुआ जब वाहन जिले के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर जा रहे थे।पांच जवान घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें अस्पताल ले जाया




गया। आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है।अधिकारियों ने कहा कि अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र में मतदान से तीन हफ्ते पहले आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) सहित दो सुरक्षा वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। इस हमले में पांच सैनिक घायल हो गए।

पुंछ अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है जहां 25 मई को छठे चरण में मतदान होना है।वायुसेना ने अपनी एक्स पोस्ट पर कहा कि शाम को शशिधर के पास आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के एक वाहन सहित दो वाहनों पर गोलीबारी की, जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शाहसितार के पास आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना के वाहन काफिले पर हमला किया। स्थानीय सैन्य इकाइयों द्वारा क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है। काफिले को सुरक्षित कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।उन्होंने कहा कि वाहन जिले के सुरनकोट इलाके में पास के सनाई टॉप की ओर जा रहे थे, उन्होंने आतंकवादियों के उसी समूह के शामिल होने का संदेह जताया, जिन्होंने पिछले साल 21 दिसंबर को बुफलियाज से सटे सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें चार सैनिक मारे गए थे और अन्य सैनिक घायल हुए थे।

# महिला उत्थान, एचइसी और राजधानी का विकास सबसे बडा मुद्दाः यशस्विनी सहाय



**रांची।** रांची लोकसभा से इंडी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने रांची के विकास और महिला सुरक्षा की बात कही। साथ ही कहा कि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल को मैंने देखा है, महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित नहीं हैं। यशस्विनी सहाय ने कहा कि महिलाओं के मुद्दों पर चुनाव लडेंगे। रांची के विकास पर बात की जायेगी। पिछले दस साल में जो मोदी जी ने मार्केटिंग की थी, उस पर से विश्वास उठ गया है। मार्केटिंग के माध्यम से प्रोडक्ट का प्रचार-प्रसार किया गया था। वह प्रोडक्ट पूरी तरीके से खराब हो गया है। रांची को राजधानी बने 24 साल होने जा रहे हैं, लेकिन राजधानी का उतना विकास नहीं हुआ। कभी इस जगह को औद्योगिक इकाइयों का हब माना जाता था, लेकिन अब वे भी धीरे-धीरे बंद होने लगी हैं। इन सभी विषयों को लेकर चुनाव लडा जायेगा। राजधानी का विकास सही तरीके से नहीं हुआ है। रांची के विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच के गैप को भरने की जरूरत है। अगर जनता ने मुझे मौका दिया तो इस गैप को ब्रिज के माध्यम से भरने का काम करूंगी और रांची की बेहतरी के लिए काम किया जायेगा।यूनिफार्म सिविल कोड अभी तक देश में मौलिक अधिकार नहीं बना है। देश में अलग-अलग तरह के लोग रहते हैं। उसे देख कर हमें आगे का निर्णय लेना चाहिए। युवाओं के पेपर लीक के मामले हो रहे हैं, उसके लिए कांग्रेस के न्याय पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि सरकार आने के बाद एक सशक्त कानून बनाया जायेगा।यशस्विनी सहाय ने कहा कि एचइसी को बेचने की तैयारी चल रही है। एचइसी को हमें बचाने की जरूरत है। कई साल से कर्मचारियों को सैलरी तक नहीं मिली है। इसके लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। पूर्व सीएम हेमत सोरेन की गिरफ्तारी से जुडे एक सवाल के जवाब में कहा कि उनकी गिरफ़्तारी गलत है या सही, यह कानून तय करेगा। यह मामला कोर्ट में अंडर ट्रायल चल रहा है। और जिस तरीके से सेंट्रल जांच एजेंसियों पर सवाल उठ रहे हैं, उस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है।

# झारखंड और विकास विरोधी, अपनी करनी से जेल में बंद हैं हेमंत : बाबूलाल मरांडी



**सिसई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अतीत को हम सभी लोग जानते हैं। कांग्रेस पार्टी झारखंड की विरोधी रही है। झारखंड वासियों की भी विरोधी रही है। विकास की भी विरोधी रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य का आंदोलन आजादी के पहले से चल रहा था। केंद्र में 50-60 साल तक कांग्रेस की सरकार थी। उसने कभी झारखंड अलग राज्य नहीं बनने दिया। उल्टे अलग राज्य की मांग करनेवाले लोगों को खरीद लिया। पहले उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा को खरीदा। उसके बाद शिबू सोरेन को खरीदा। भारतीय जनता पार्टी ने वादा किया था कि सत्ता में आने पर झारखंड अलग राज्य का गठन किया जायेगा। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने पर उन्होंने झारखंड अलग राज्य का गठन कर दिया। भाजपा जो कहती है, वह करती है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस, राजद और जेएमएम की सरकार चल रही है। इन लोगों ने राज्य को सिर्फ लूटने का ही काम किया है। जितने भी खनिज हैं, यहां तक की नदी के बालू को भी नहीं छोडा। इस लोकसभा चुनाव में हम सभी को संकल्प लेना है कि लोहरदगा से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव को जिताना है और देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है।

मरांडी ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं। वह बार-बार कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी वालों ने उन्हें फंसा दिया। इडी वालों ने हमें फंसा दिया। कल झारखंड हाइकोर्ट का निर्णय आया। झारखंड हाइकोर्ट ने साफ-साफ कह दिया कि उन्हें कोई फंसाया नहीं है। इडी के पास गिरफ्तारी के पूरे साक्ष्य हैं। वह अपनी करनी से आज जेल में बंद हैं।

## रामगढ के गोला प्रखंड में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

# झारखंड को बचाने के लडाई में साथ दीजिए : संजय मेहता





**हजारीबाग**॥ जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने हजारीबाग लोकसभा से अपना नामांकन पर्चा भरा है। शनिवार को स्क्रूटनी में संजय द्वारा भरे गए 4 सेट में सभी पत्र निर्वाचन कार्यालय हजारीबाग द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है।

स्थानीयता, विस्थापन, पुनर्वास सहित झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से आवाज बुलंद करने वाले संजय इस चुनावी मैदान में मजबूती के साथ आगे बढ रहे हैं। वो लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिल रहे हैं। शुक्रवार और शनिवार को उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड में दर्जनों गांव पंचायत का दौरा कर लोगों से आशीर्वाद लिया। संबोधित कर जनसमर्थन की अपील किया।

क्षेत्रवासियों के लिए संजय का संघर्ष हजारीबाग सहित पूरे झारखंड में अलग संदेश दिया है। युवा, महिलाएं और आम जनमानस में उत्साह चरम पर है। प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने कहा है कि झारखंड की राजनीति में जो राजनीतिक परिपाटी चल रही है उसमें बदलाव जरूरी है। किसान, मजदूर और गरीब का बेटा - बेटी में नेतृत्व की बागडोर देने का वक्त आ गया है। इस बार जेबीकेएसएस के जितने भी साथी चुनावी मैदान में है। सबका साथ दीजिए। आशीर्वाद देकर संसद भवन भेजिए। तभी आपके हक और अधिकारों की बाद संसद भवन में गूंजेगी। स्थानीयता और झारखंडी मुद्दों की आवाज बुलंद होगी। संजय ने कहा है कि झारखंड को बचाने की इस लडाई में सबका सहयोग जरूरी है। संघर्ष करते हुए हम सभी आगे बढ रहे हैं। इस बार जनता को जागरूक होकर मतदान करना है। बदलाव की गाथा लिखना है।

# झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ते ने कुख्यात अमन साहू गैंग के तीनों अपराधियों को किया है गिरफ्तार



**ब्यूरो, रांची।** झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता ने कुख्यात अमन साहू उर्फ अमन साव गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।अपराधियों में रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के शहीद भगत सिंह चौक उपरटांड़ सांकुल निवासी विकास कुमार, कुम्हारटोली सांकुल निवासी गुलशन कुमार व महताब आलम शामिल हैं। तीनों की गिरफ्तारी रामगढ़ के पतरातू थाना क्षेत्र से ही हुई है।नके पास से दो देसी पिस्टल, 21 कारतूस, एक मोटरसाइकिल व दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। मोटरसाइकिल की बरामदगी गिरोह के फरार अपराधी इम्तियाज अंसारी के घर से हुई है।

ये अपराधी छह मार्च को सिकिदिरी थाना क्षेत्र में ओरमांझी-गोला भारतमाला सड़क निर्माण के कार्यस्थल पर फायरिंग की घटना सहित फायरिंग की कई घटनाओं में शामिल थे। इनके साथ पूर्व में गिरफ्तार राजा अंसारी व मनिंदर कुमार भी उक्त घटनाओं में शामिल थे।एसपी एटीएस ऋषभ कुमार झा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एटीएस को गुप्त सूचना मिली थी कि गिरोहस्टर अमन साहू गिरोह के ये तीनों ही अपराधी रामगढ़ जिले के पतरातू स्थित सांकुल व जयनगर के आसपास के इलाके में छुपकर रह रहे हैं। इसी सूचना पर एटीएस की टीम ने पतरातू में छापेमारी की, जहां से तीनों पकड़े गए।

पुलिस मुख्यालय ने झारखंड एटीएस को राज्य में संगठित आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध कार्रवाई करने व इन गिरोहों के फंडिंग, आर्थिक स्रोतों, हवाला चैनल व इनके माध्यम से अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाने की जिम्मेदारी दी है। इसी आलोक में झारखंड एटीएस लगातार कार्रवाई कर रही है।एटीएस ने अमन साहू गिरोह के गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में यह खुलासा किया है कि इन अपराधियों ने ओरमांझी-गोला भारतमाला सड़क परियोजना निर्माण के कार्यस्थल के अलावा ओरमांझी में छह फरवरी को भी इस प्रोजेक्ट के कार्य स्थल पर फायरिंग की थी। इस संबंध में ओरमांझी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी तरह नौ फरवरी को इन अपराधियों ने भुरकुंडा के स्वामी सिद्धांत बाउरी नामक व्यक्ति के उपर फायरिंग की थी। इस संबंध में पतरातू के भुरकुंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

फायरिंग की इन तीनों ही घटनाओं में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व हथियार को एटीएस ने बरामद कर लिया है। पूर्व में गिरफ्तार मनिंदर के पास से बरामद पिस्टल का उपयोग भी उक्त घटनाओं में हुआ था।

# जेबीकेएसएस के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो गिरफ्तार



**रांची।** रांची लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने पहुंचे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने शनिवार को रांची समाहरणालय से गिरफ्तार किया है । रांची में विधानसभा घेराव मामले में पुलिस ने देवेंद्रनाथ को गिरफ्तार किया है। विधानसभा घेराव मामले में नगड़ी थाना केस संख्या 48/22 में दर्ज हुआ था। इस मामले में देवेंद्रनाथ महतो सहित कई अन्य के खिलाफ वारंट जारी हुआ था।

देवेंद्र महतो गुपचुप तरीके से आदिवासी पारंपरिक पोशाक पहनकर समाहरणालय पहुंचे थे। इस दौरान पहले से ही इंतजार कर रही पुलिस की नजर देवेन्द्र पर पड़ी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि देवेंद्र नाथ महतो का नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे लेकिन नामांकन से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# कमल भूषण हत्याकांड मामले में अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी, आरोपियों का अब जल्द होगा बयान दर्ज




**रांची।** जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड मामले में अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी हो गयी। अब मामले के आरोपियों का बयान जल्द दर्ज होगा। अभियोजन पक्ष ने केस के अनुसंधानकर्ता समेत 29 गवाहों का दर्ज कराया है। इस हत्याकांड का आरोपी मुनावर अफाक सरकारी गवाह बन गया है। जिसने मुख्य आरोपी डब्लू कुजूर, छोटू कुजूर समेत सभी आरोपियों के खिलाफ गवाही दिया है।

बता दें की 30 मई 2022 को कमल भूषण की हत्या हुयी थी। रातू रोड स्थित गैलेक्सी मॉल के पास कमल भूषण पर अंधाधुंध फायरिंग की गयी थी जिसमें उन्हें 5 गोलियां लगी थीं। घटना के बाद मुख्य आरोपी डब्लू कुजूर और उनका बेटा राहुल कुजूर समेत 4 आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिये कोलकता होते दिल्ली भाग गये थे। बाद में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने सभी को गिरफ्तार कर झारखंड पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने सभी को रांची लाकर जेल भेज दिया था।

हत्याकांड को लेकर सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 238/2022 दर्ज की गई थी। कमल भूषण की हत्या की वजह उनकी बेटी यामिनी की प्रेम विवाह बनी थी। कमल भूषण और डब्लू कुजूर जमीन कारोबार में पार्टनर थे और दोनों एक साथ कारोबार करते थे। लेकिन जून 2021 में कमल भूषण की बेटी यामिनी से डब्लू कुजूर के बेटे राहुल कुजूर ने प्रेम विवाह कर लिया था।जिसके बाद से दोनों पार्टनर के बीच हो विवाद हो गया और दोनों एक दूसरे के दुश्मन हो गये थे। कमल भूषण बेटी की प्रेम विवाह से नाराज था। हत्याकांड के इस मामले में मुख्य आरोपी डब्लू कुजूर, पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर समेत आधा दर्जन से अधिक आरोपी ट्रायल फेस कर रहे है।

# गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार





**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में विकास कुमार, गुलशन कुमार और माहताब आलम शामिल है। इनके पास से दो देशी पिस्टल, 21 गोलियां, एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एटीएस के एसपी ऋषभ कुमार झा ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन साहू के गिरोह के तीन अपराधी पतरातू के सांकुल एवं जयनगर के आसपास छुपकर रह रहे हैं । वर्तमान में अमन साहू गिरोह के सक्रिय अपराधी हैं और इनके जरिये कई स्थानों पर फायरिंग की घटना की गई है।

इस सूचना पर एटीएस टीम के जरिये रामगढ़ जिला के पतरातू क्षेत्र में छापेमारी कर तीनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि अमन साहू संगठित आपराधिक गिरोह की ओर से हाल में की गई फायरिंग की घटना का सफल खुलासा किया गया है। तीनों अपराधी और पूर्व में एटीएस की ओर से गिरफ्तार राजा अंसारी, मंनिन्दर कुमार जरिये कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इनमें छह मार्च को सिकीदरी थाना के ओरमांझी-गोला भारतमाला सड़क निर्माण के कार्यस्थल पर फायरिंग की घटना, छह फरवरी को ओरमांझी में भारतमाला प्रोजेक्ट पर फायरिंग , नौ फरवरी को भुरकूण्डा के स्वामी सिद्धांत बाउरी नामक व्यक्ति के उपर फायरिंग शामिल है। तीनों घटनाओं में इस्तेमाल की गई बाइक एवं हथियार को एटीएस टीम ने बरामद कर लिया गया है।

# कल्पना सोरेन, खुद के साथ सहयोगियों के लिए भी कर रहीं कैंपेन



**रांची।** झारखंड की सियासत में अभी सबसे चर्चित चेहरा हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार हैं। सियासत हो, प्लेन हो या फिर पानी वाला जहाज। कहते हैं कि दूसरों की सहायता करने से पहले खुद की मदद कीजिए। पहले अपना ऑक्सीजन मास्क या लाइफ जैकेट पहन लीजिए, लेकिन कल्पना मुर्मू सोरेन चुनावी मैदान में इस अवधारणा को तोडती नजर आ रही हैं। दरअसल, कल्पना मुर्मू सोरेन गांडेय विधानसभा उपचुनाव में केवल अपने लिए ही वोट नहीं मांग रहीं, बल्कि कोडरमा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की तरफ से सीपीआइ एमएल के प्रत्याशी विनोद सिंह के लिए भी वोट की अपील कर रही हैं। कल्पना मुर्मू सोरेन न केवल जनता को तीर धनुष छाप पर बटन दबाने को कहती हैं, बल्कि ये भी अपील करती हैं कि वे विनोद सिंह के पक्ष में जम कर मतदान करें। तीन तारा निशान पर बटन दबायें।कल्पना मुर्मू सोरेन पहली बार चुनावी मैदान में हैं। पति हेमंत सोरेन जेल में हैं और इसलिए भी कल्पना मुर्मू सोरेन के पास दोहरी चुनौती है। दरअसल, गांडेय विधानसभा सीट कद्दावर झामुमो नेता डॉ सरफराज अहमद के इस्तीफे से खाली हुई है। ऐसे में कल्पना मुर्मू सोरेन की चुनौती है कि वे इस सीट को झामुमो की झोली में सुरक्षित वापस लेकर आयें। पिछले तकरीबन एक साल में जब से हेमंत सोरेन जांच एजेंसियों की पूछताछ और कार्रवाई का सामना कर रहे हैं, मीडिया से लेकर सियासी गलियारों में कल्पना मुर्मू सोरेन को उनकी वास्तविक उत्तराधिकारी के रूप में पेश किया जाता रहा तो, इस विश्वास और भरोसे को चुनावी मैदान में साबित करना भी बडी चुनौती है। कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कल्पना मुर्मू सोरेन झारखंड के सबसे बडे राजनीतिक परिवार से आती हैं। वह दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बहू हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी हैं। कल्पना मुर्मू सोरेन, गांडेय में बडी राजनीतिक विरासत को आगे बढाने का बोझ लेकर भी उतरी हैं। ऐसे में कल्पना का अपने साथ-साथ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार विनोद सिंह के लिए कैंपेन करना उनकी परिपक्वता को भी दर्शाता है।केवल इतना ही नहीं। गांडेय में इलेक्शन कैंपेन में बिजी रहने के बावजूद कल्पना, गठबंधन की तरफ से विभिन्न लोकसभा सीटों पर उतरे उम्मीदवारों को पक्ष में वोट करने की अपील करती हैं। चाइबासा में जोबा मांझी के साथ नामांकन में शामिल होना हो या फिर उनके पक्ष में जनसभा, कल्पना मुर्मू सोरेन साये की तरह साथ रहीं। कल्पना, कोडरमा लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह के नामांकन कार्यक्रम में भी शामिल हुईं। उनके पक्ष में जनसभा करते हुए वोट की अपील की। कल्पना, अपने सहयोगियों के लिए भी लगातार चुनाव प्रचार कर रही हैं। लगातार यात्राएं कर रही हैं। इस बीच गांडेय में भी जनता के बीच जा रही हैं। ग्रामीण इलाकों में नुक्कड सभाएं करती हैं। कल्पना मुर्मू सोरेन के लिए यह सब मुश्किल होगा, लेकिन सियासत में विरासत की बडी जिम्मेदारी कहां रूकने देती है।कल्पना का अपने सहयोगियों के लिए चुनाव प्रचार करना चर्चा का विषय इसलिए भी है, क्योंकि वह खुद गांडेय में चुनाव लड रही हैं। पिछले तकरीबन एक साल से जिस बात की सबसे ज्यादा चर्चा थी, गांडेय उपचुनाव उसी का उपसंहार है। कल्पना को हेमंत सोरेन का सर्वश्रेष्ठ विकल्प बताया गया। उन्हें आगे करने की वजह से हेमंत सोरेन को परिवार के भीतर और पार्टी में भी विरोध का सामना करना पडा। परिवार की बडी बहू सीता सोरेन ने तो पार्टी छोड दी। वरिष्ठ विधायक लोबिन हेंब्रम भी राजमहल में बगावत कर चुके हैं। दबी आवाज में नाराजगी के कुछ और स्वर उठे होंगे। गांडेय, झारखंड मुक्ति मोर्चा की परंपरागत सीट रही है। यह झामुमो के लिए सुरक्षित सीट भी रही है तो जाहिर है कि जिम्मेदारी भी बडी है। चुनावी राजनीति में लॉन्चिंग ही नहीं, बल्कि कल्पना मुर्मू सोरेन एक बडी जिम्मेदारी के साथ चुनावी मैदान में उतरी हैं। ऐसे में किसी भी नेता का फोकस स्वाभाविक रूप से अपनी जीत पर होगा, लेकिन कल्पना जानती हैं कि पार्टी को उनसे क्या उम्मीदे हैं। पति हेमंत सोरेन और गुरुजी को उनसे क्या आशा है।

कल्पना जानती हैं कि उनका सफरनामा केवल विधायक चुने जाने का नहीं है, बल्कि नेता बनने तक का है और नेता स्वार्थी नहीं हो सकता। वे दायरे में कैद नहीं हो सकता। कल्पना इसे बखूबी निभा रही हैं। वह कोडरमा में विनोद सिंह सहित अन्य लोकसभा सीटों पर अपनी पार्टी और गठबंधन के सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के पक्ष में भी खूब प्रचार कर रही हैं। लंबी यात्राएं कर रही हैं। हेमंत सोरेन की आवाज बन कर जनता के बीच जा रही हैं।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वोटिंग प्रतिशत बढाने का दिया निर्देश

**ग्रामीणों से संवाद कर की वोटिंग करने की अपील | मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मांडर के पूर्व में कम मतदान वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण**





**रांचीः** कैम्प (मांडर/लोहरदगा): मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण एवं झारखंड राज्य के पहले चरण में 13 मई 2024 को होने वाले मतदान को लेकर शनिवार को 12- लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मांडर स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रांची जिले के उप विकास आयुक्त, मांडर के प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि साथ थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पिछले चुनाव के दौरान कम वोटिंग प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुढ़ाखुखरा, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुवाजाडी, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, डुमरी एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कैम्बो तथा राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गुडगुडजाड़ी स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य में बीएलओ सुपरवाइजर की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए ठीक से कार्य करने की चेतावनी दी।

उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे बीएलओ को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण दो दिनों में पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। वहीं बीएलओ सुपरवाइजर को इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। वहीं निर्वाचन कार्य से जुडे पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी तैयारियों को ससमय पूर्ण कराने तथा मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं यथा शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय तथा उसमें रनिंग वाटर शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अब्सेंट, शिफ्ट एवं डेथ (एएसडी) सूची तथा मतदान केन्द्र जागरूकता समूह से संबंधित सूची का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान कक्ष में पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य चुनाव कर्मियों की बैठने की व्यवस्था, बिजली कनेक्शन, लाइट एवं पंखा आदि व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं मतदान के दिन किस आयु वर्ग तक के वालेंटियर की सेवा ली जायेगी, इसकी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी संवाद कर मतदान करने की अपील की।

**बुढा खुखरा के शाखा डाकघर भी पहुंचे सीईओ**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बुढा खुखरा के शाखा डाकघर का औचक निरीक्षण कर वहां आने वाले मतदाता कार्ड से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डाकघर में जो भी वोटर आईडी कार्ड प्राप्त हुए हैं, उसका शीघ्र वितरण कराना सुनिश्चित कराएं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान रांची के उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर सहित निर्वाचन कार्य से जुडे अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



**रांची।** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा कि रांची के विकास और महिला सुरक्षा को लेकर वह गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मुद्दों पर यक्षचुनाव लड़ेंगे। रांची के विकास पर बात की जायेगी। सहाय शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहीं थी।

# रांची संसदीय क्षेत्र से आज 07 अभ्यर्थियों दाखिल किया नामांकन



रांची संसदीय क्षेत्र से अब तक 17 अभ्यर्थी कर चुके हैं नामांकन

रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के छठे दिन अब तक कुल 17 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। आज दिनांक 04 मई 2024 को 07 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। आज नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों ने नाम निम्न हैं :-

1. बिरेंद्र नाथ मांझी, अबुआ झारखंड पार्टी।
2. धर्मेंद्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा।
3. निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी।
4. देवेंद्र नाथ महतो, निर्दलीय।
5. प्रवीण कच्छप, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी।
6. कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय।
7. सर्वेश्वरी साहू, एकल सनातन भारत दल।

निर्दलीय अभ्यर्थी देवेंद्र नाथ महतो का नामांकन उनके प्रस्तावकों द्वारा दाखिल किया गया।

# वोट करेगा रांची #SVEEPathon का आयोजन

**लोकसभा चुनाव में आने वाले दिनों में मतदाता जागरूकता हेतु बनाई गई योजना**
**चेंबर ऑफ कॉमर्स, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स और विभिन्न संस्थान अपने-अपने स्तर से करेंगे सहयोग**





**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स, राँची के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स और विभिन्न संस्थान अपने-अपने स्तर से सहयोग करेंगे। आज दिनांक 04 मई 2024 को रांची नगर निगम सभागार में आयोजित वोट करेगा रांची #SVEEPathon में लोकसभा चुनाव को लेकर आने वाले दिनों में मतदाता जागरूकता हेतु योजना पर सभी के साथ विचार-विमर्श किया गया।

नोडल पदाधिकारी स्वीप-सह-उपविकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश कुमार यादव एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर-सह-सहायक निर्वाची पदाधिकारी, राँची विधानसभा क्षेत्र श्री उत्कर्ष कुमार ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाता जागरूकता को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए सुझाव प्राप्त किये।

नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव ने कहा कि आप सभी अपने हुनर और सामर्थ्य का सदुपयोग लोकतंत्र को मजबूत बनाने में करें। मतदाता जागरूकता के लिए कई सुझावों पर अपनी सहमति देते हुए श्री दिनेश यादव ने रांची में स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों से मतदान एवं चुनाव से संबंधित सवाल भी पूछे गए एवं सही जवाब देने वालों को उपहार भी प्रदान किया गया। नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव ने सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि 25 मई 2024 को रांची लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है, आप सभी अवश्य मतदान करें और अपनें आसपास के लोगों को भी मतदान केंद्रों तक लाएं।



**रांची।** मृतिका की पहचान बेड़ो प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद सदस्य सह भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जगन्नाथ भगत की पत्नी पार्वती कुमारी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी गुमसुम होकर रेलवे ट्रैक पर बैठी हुई थी। इसी दौरान वे ट्रेन की चपेट में आ गई और उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इधर बेड़ो जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी की हुई ट्रेन से कटकर मौत के बाद बेड़ो के ग्रामीणों में शोक की लहर छा गई है।

# राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीद जादे हैं झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा




**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश की 140 करोड जनता जानती है कि राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीद जादे हैं। उन्होंने कहा कि शहजादे प्रधानमंत्री का प्रिय शब्द है, जो वह चुनाव के दौरान प्रयोग करते हैं, लेकिन राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं, जिस परिवार का आजादी हासिल करने के पहले से लेकर आजादी के बाद तक कुर्बानी का इतिहास रहा है। मीर शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। मीर ने कहा कि मोदी जिस जमात से आते हैं, उनका देश के लिए क्या योगदान रहा है यह पूरा देश जानता है। दो दिन से मोदी झारखंड में हैं। जनता का रिस्पांस उन्हें नहीं मिला। प्रधानमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं, उसे पूरी जनता सुनती है और अच्छी तरह समझती है। उन्होंने कहा कि दस साल में उन्होंने क्या किया इसकी उन्होंने चर्चा नहीं की। इसी कारण अपने दस साल के काम पर प्रधानमंत्री ने वोट नहीं मांगा। मीर ने कहा कि भ्रष्टाचार की बात करें तो जिस नेता पर प्रधानमंत्री शाम में 70,000 करोड के घोटाले का आरोप लगाते हैं, 24 घंटे के अंदर उसके साथ सरकार बना कर उसे उप मुख्यमंत्री बना देते हैं। असम और बंगाल भी इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने हजारों करोड रुपये कंपनियों से चंदा लिया और इसके बदले उन्हें लाभ पहुंचाया। वोट हासिल करने के लिए मोदी कुछ भी कर सकते हैं।

मीर ने कहा कि दस वर्षों में मोदी ने झारखंड को क्या दिया। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। जब उन्होंने प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की। पलामू के मंडल डैम का शिलान्यास पांच ranchi aas paas page me वर्ष पूर्व मोदी के जरिये किया गया था, लेकिन उसमें कोई कार्य नहीं हुआ। सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा मोदी पर और कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड रही है। मोदी हिंदू, मुसलमान और पाकिस्तान पर चुनाव लड रहे हैं और मूल मुद्दों को डायवर्ट कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी 7 मई को चाइबासा और बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता के बीच मोदी फ्लॉप शो साबित हुए। जनता उन्हें कितनी गंभीरता से ले रही है, यह रैली में जनता की कम उपस्थिति ने दर्शा दिया है। इस दौरान भारतीय कांग्रेस की मीडिया कोऑर्डिनेटर ज्योति सिंह, राकेश सिन्हा सुमेर चारण, वैभव शुक्ला सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, ऋषिकेश सिंह भी उपस्थित थे।

# अबकी बार 400 पार पर अधिक फोकस रहता था ,हिंदू और मुसलमान कर रहे हैं पीएम नरेंद्र मोदी : सुप्रियो भट्टाचार्य



रांची। जेएमएम के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आज पीएम नरेंद्र मोदी के झारखंड आगमन और उनके बयानों पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी ने 3 चुनावी सभाएं कीं। सभी में एक समान बात दिखाई पडी। कहा कि पहले पीएम के भाषण में अबकी बार 400 पार पर अधिक फोकस रहता था। लेकिन दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव हो जाने के बाद प्रधानमंत्री का विषय और नैरेटिव बदल गया है। अब वो आरक्षण और हिंदू-मुसलमान पर अधिक फोकस कर रहे हैं। सुप्रियो ने कहा कि संविधान के अनुसार देश में सभी दलों को मान्यता दी गयी। इसमें साफ-साफ कहा गया कि राजनीतिक दल धर्म, संप्रदाय और जाति से ऊपर उठकर जन कल्याण की बात करेंगे। लेकिन प्रधानमंत्री आदिवासी और हिंदू-मुस्लिम की बात कर रहे हैं। इनको बांटने की बात कर रहे हैं।

सुप्रियो ने आगे कहा कि कुछ दिनों पहले जब प्रधानमंत्री मोदी के झारखंड आगमन की सूचना मिली, तो उन्होंने उनसे कुछ सवाल किये थे। निवेदन किया था कि झारखंड आने पर वे इन सवालों के जवाब दें। लेकिन प्रधानमंत्री हमारे सवालों को भूल गये। वे जनता को बरगलाने लगे। भ्रम पैदा करने लगे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी अपने पिछले कुछ भाषणों में हिंदू-मुस्लिम के साथ पाकिस्तान का भी जिक्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लोकसभा का चुनाव हमारे देश भारत में हो रहा है। तो फिर पाकिस्तान यहां मुद्दा कैसे बन सकता है। यहां की जनता की समस्या और उनके विकास की बात होनी चाहिये। लिकन मोदी पाकिस्तान के बारे में बात कर रहे हैं। कहा इस साल अमेरिका में भी चुनाव होने वाले हैं। लेकिन वहां का कोई नेता, चाहे वो डेमोक्रेटिक या रिपब्लिकन, किसी पडोसी मुल्क की बात नहीं कर रहा है। वे अपने देश के मुद्दों पर बात कर रहे हैं।

सुप्रियो ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी चुनावी सभाओं में अपनी पार्टी यानी बीजेपी के घोषणा पत्र का नाम तक नहीं लेते। वे कांग्रेस के घोषणा पत्र की आलोचना करते अक्सर सुनाई देते हैं। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र का होना चुनाव आयोग की ओऱ से जरूरी करार दिया गया है। घोषणा पत्र का अपना महत्व होता है। चुनाव से पहले आपको बताना होता है कि जनता, विकास औऱ अन्य मुद्दों के लिए आपके पास क्या योजना है। अगले पांच साल आप क्या करने वाले हैं, ये देश को बताना होता है। लेकिन मोदी का अधिक समय कांग्रेस के घोषणा पत्र की आलोचना करने में बीतता है। कहा आप अपने घोषणा पत्र में ये कह सकते हैं कि हम जनता को चांद पर ले जायेंगे। लेकिन आपको इसके लिए चुनाव आयोग के सामने योजना की भी बतानी होगी कि आप ये किस तरह करने वाले हैं। बीजेपी के घोषणा पत्र में जो बातें कही गयी हैं, जो वादे किये गये हैं, प्रधानमंत्री मोदी को उसके बारे में बात करनी चाहिये।

सुप्रियो ने आगे कहा कि दरअसल बीजेपी के पास अब कोई मुद्दा नहीं रह गया है। ये पार्टी अब खोखला हो चुकी है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। जनता में भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। सुप्रियो ने आगे कहा कि बहुत तरह की बातें हुई। प्रधानमंत्री मोदी की शिक्षा को लेकर कई बार बात हुई औऱ सवाल उठे। लेकिन जेएमएम इस विवरण में नहीं जाना चाहता। कहा, जहां तक मेरी पोलटिकल समझ की बात है, मेरी जानकारी की बात है तो किसी दल को, जिस देश में वो है, उसे वहां की डेमोक्रेसी को जानना जरूरी है। वहां के संविधान को जानना जरूरी है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की बातों से ये जाहिर नहीं होता। वे कहते हैं संविधान नहीं बदला जायेगा। लेकिन मैं फिर कहता हूं कि देश का संविधान खतरे में है। जनता को प्रधानमंत्री के भाषणों के भ्रम में नहीं आना चाहिये।

अलग पहचान



# मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर" को लेकर उपायुक्त ने की चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित अन्य के साथ बैठक

## 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक चलाया जाएगा सोशल मीडिया कैम्पेन

धनबाद।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव में वोटर टर्न आउट बढ़ाने के उद्देश्य से आज चेंबर ऑफ कॉमर्स, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर तथा मीडिया के साथ बैठक कर अभियान की सफलता एवं लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

"मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर" पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि 7 मई को संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें चुनाव को लेकर जो स्वीप गतिविधियों की गई है या की जाएगी, उसे हैश टैग मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर (#MainBhiElection Ambassador) के साथ विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर केंद्रीय निर्वाचन आयोग, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी को टैग करते हुए अपलोड करें।






वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में धनबाद तथा झरिया में कम वोटर टर्न आउट पर चिंता प्रकट करते हुए उपायुक्त ने युवा, फर्स्ट टाइम, शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान को सर्वश्रेष्ठ प्राथमिकता देते हुए 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने की अपील की।

उपायुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से पेयजल, शेड, रैप, शौचालय सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। वहीं गर्मी को देखते हुए उन्होंने सभी से सुबह जल्दी से मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट करने का आह्वान किया।

बैठक में फेडरेशन ऑफ जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री चेतन गोयनका ने कहा कि जिले के सभी 56 चैंबर ऑफ कॉमर्स मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन का साथ देंगे और स्वीप एक्टिविटी चलाएंगे।

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्मा, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, डीएसडब्ल्यूओ अनिता कुजूर, डीपीआरओ सुनिल कुमार सिंह, फेडरेशन ऑफ जिला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका, महासचिव अजय नारायण लाल, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रमोद गोयल, लोकेश अग्रवाल, विकास पटवारी, धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के प्रदीप सिंह, संदीप मुखर्जी, जीतेन्द्र अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर, प्रमोद कुमार यादव सहित विभिन्न चेंबर के प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर मौजूद थे।

# अखिल भारतीय विधार्थी परिषद बलियापुर नगर इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान

**संवाददाता अजीत कुमार**




**बलियापुर** : अखिल भारतीय विधार्थी परिषद बलियापुर नगर इकाई द्वारा पोस्टर जारी कर मतदाता जागरूकता अभियान आरएसपी कॉलेज के प्रांगण मे चलाया गया hn जिसमे मुख्य रूप से आरएसपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ निलेश सिंह ने कहाँ की हमारा एक मत जिले के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसके लिए मेरा अनुरोध है कि सभी मतदाता किसी भी प्रत्याशी अथवा दल के प्रलोभन में न आकर मजबूत राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान करें और मतदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य व राष्ट्र धर्म है। जिसका निर्वहन करने के लिए हमें आगे आना चाहिए। 25 मई को मौसम कैसा भी रहे। इसकी परवाह किए बगैर हमें बूथ परे कतारबद्ध होकर तब तक डटे रहना है जब तक हम अपने मताधिकारी का प्रयोग न कर लें॥ और वही बलियापुर नगर मंत्री राहुल मिश्रा ने कहाँ की मतदान प्रतिशत बढ़ाना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है इसे जरूर बढाने मे विधार्थी परिषद की अहम् भूमिका रहेगा, वही कॉलेज अध्यक्ष रोहित बनर्जी ने कहा कीयुवा मतदाताओं को युवा पीढियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें मुख्य रूप से मौजूद कॉलेज परीक्षा नियंत्रक मुंडा सर, बक्सर सरदार सर, कमरुद्दीन सर, मनोरंजन सर, अनिल सर, पंकज सर, मनोज दिव्या कॉलेज नगर सह मंत्री अनिकेत सिंह,अमर कुमार ,शिवम कुमार, मंटू कुमार, सीखा कुमारी, सुस्मिता कुमारी अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे

# रवि भाटिया और कनक सूर्यवंशी की रोमांटिक जोड़ी दिखेगी " मैं आवारा हूं तेरा" में

**मुंबई** : बॉलीवुड के नवोदित निर्देशक गुड्डू जान के निर्देशन में निर्मित हिंदी म्यूजिक वीडियो " मैं आवारा हूं तेरा " 11 मई को " जान रिकॉर्ड्स " यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जाएगा।जबकि,ऑडियो सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जा चुका हैं।ज्ञात रहें " जान रिकॉर्ड्स " पर इससे पूर्व भी कई म्यूजिक वीडियो जारी किया जा चुका हैं।जो काफी सफल रहा हैं।श्रोताओं और दर्शकों ने गीत काफी पसंद किया और सराहा। " मैं आवारा हूं तेरा " के गायक राज बर्मन हैं।जो बॉलीवुड में काफी लोकप्रिय व चर्चित हैं।साथ ही राज बर्मन के म्यूजिक वीडियो लोगों द्वारा पसंद किए जाते हैं।गाना कर्णप्रिय व मधुर हैं।गीत संगीत मो. इरफान अली का हैं।म्यूजिक वीडियो में टीवी सीरियल जोधा अकबर फेम कलाकार रवि भाटिया और कनक सूर्यवंशी ने अभिनय किया हैं।कोरियोग्राफर वीर चौधरी, डीओपी व एडिटर प्रदीप यादव,प्रोडक्शन मैनेजर मनमोहन तिवारी, पीआरओ युधिष्ठिर महतो,निर्माता विजय जुमनानी,निर्देशक गुड्डू जान,प्रोडक्शन मैनेजमेंट मनीष रॉय,प्रोडक्शन कंट्रोलर शीला दास,कास्टिंग रोहित आरके हैं।






गुड्डू जान ने बताया कि यह एक रोमांटिक म्यूजिक वीडियो हैं।जो मुंबई में शूट की गई हैं।बेहतरीन तरीके से वीडियो को फिल्माया गया हैं और कलाकारों ने शानदार अभिनय किया हैं।उम्मीद हैं श्रोताओं और दर्शकों को म्यूजिक वीडियो पसंद आयेगी।ज्ञात रहें गुड्डू जान बहुत जल्द बॉलीवुड फिल्म करने की तैयारी में भी हैं।

# लोको पायलट के मृत्यु से रेल कर्मियों के बीच शोक की लहर।

**धनबाद** आज का दिन कोडरमा क्षेत्र के रेल कर्मचारियों के लिए एक दुखद दिन रहा आज तड़के सुबह गोमो के लोको पायलट श्री पंकज कुमार सिंह सुबह-सुबह गुझंडी में राजधानी एक्सप्रेस से दुर्घटना होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई मृत्यु के उपरांत पोस्टमार्टम एवं अन्य कागजात संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कर उनके पार्थिव शरीर को तिरंगा में लपेटकर और फूल माला से सजाकर सम्मान के साथ उनके पैतृक आवास मुंगेर के लिए दोपहर 1:30 बजे विदा कर दिया गया उनके पार्थिव शरीर के साथ उनके परिजन के अलावा चालक सहायक चालक एवं मुख्य लोको निरीक्षक पंकज चौरसिया जी रवाना हुए मौके पर कोडरमा आरपीएफ प्रभारी जवाहरलाल मुख्य लोगों निरीक्षक कोडरमा एके सिंह पहुंचे ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के एनके



खवास मेने बताया कि कोडरमा शाखा सचिव बीबी सिंह लोको पायलट एवं उपाध्यक्ष अजय कुमार संजक सचिव एवं लोको पायलट संजीव नयन लोको पायलट अजीत कुमार प्रेम कुमार प्रेम कुमार दीपक कल्याण निरीक्षक राहुल कुमार सिंह सहायक चालक मुकेश कुमार क्या भी लोगों ने ट्रैकमैन संतोष राय विनय कुमार शाहिद सभी कर्मियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया उनके इस दुख की घड़ी में उनके परिजन के साथ खड़े रहने का काम किया

# भाजपा मंडल अध्यक्ष की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे ढुलू कहा, किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाएगी नुक्कड़ सभा में हुआ ढुलू महतो का स्वागत

**भगतडीह**: शनिवार को बस्ताकोला वर्मा बंगला में मंडल अध्यक्ष स्व. अनिल सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाने दी जाएगी। हर कार्यकर्ता के लिए खड़ा रहूंगा। नुक्कड़ सभाओं को विभिन्न समाज और क्लब ने प्रत्याशी का स्वागत किया। ढुलू ने कहा कि जो आज मेरे साथ खड़े हैं, कल मैं उनके दरवाजे पर खड़ा नजर आऊंगा। सिर्फ आवाज देने की जरूरत है। किसी भी कंपनी की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। इस दौरान बस्ताकोला मोड़, इंडस्ट्री ग्राउंड, संजय चाय दुकान, डोम बस्ती, भुइंया बस्ती, एना विवेकानंद क्लब, बाउरी समाज, हरि मंदिर कमिटी, ऐना वारियर्स क्लब, श्री श्री नरसिंह दलदल अखाड़ा द्वारा स्वागत किया गया।



जिलाध्यक्ष श्रवण राय, राजकुमार अग्रवाल, रामबालक मुखिया, संतोष शर्मा, बप्पी बाउरी, तरुण राय, रामदेव शर्मा, संजय रवानी, काजू राय, बिपिन मंडल, मधेसर चंद्रवंशी, हीरा प्रसाद, संजय साव, सूरज भुइंया, राजेश बाउरी मास्टर, गणेश भुइंया, रोहित भुइंया, रोहित बाध्यकार, छोटू बाध्यकार, सागर बाध्यकार, दारा सिंह, सोनू साव, राजेश बाउरी, श्रीकांत बाउरी, अरुण सिंह, नरेश सिंह, दयासागर पांडे, गोपाल प्रसाद, कल्लू रवानी, सोहन बाउरी, बिट्टू दुग्गू, राहुल सहानी, मोनू श्रीवास्तव, अरुण शर्मा, सोनू राउत आदि उपस्थित थे।

# रवि भाटिया और कनक सूर्यवंशी की रोमांटिक जोड़ी दिखेगी " मैं आवारा हूं तेरा" में

# स्पंदन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जिले के कोने कोने से पहुंचे दर्शक और कलाकार

**धनबाद** आज दिनांक 4 मई को संध्या 7:00 बजे धनबाद कोयला नगर स्थित बीसीसीएल के कम्युनिटी हॉल में"स्पंदन"द्वारा बांग्ला नए साल का आगमन पर"बरसोबरोन"एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के अतिथियों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरूआत किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में, श्री दीपक सेन, श्री काशीनाथ चटर्जी,श्री तपन रॉय, श्री गोपाल भट्टाचजी उपस्थित थे।उसके बाद स्पंदन द्वारा उद्बोधन गीत गाकर संस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया फिर लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम होता रहा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्पंदन के






अध्यक्ष मनोज मजूमदार सचिव बोर्नाली सेनगुप्ता के अलावा लिलामॉय गोस्वामी,करुणामोय हालदार,सुरजीत पाल,बबलु गांगुली,देवदास सेनगुप्ता, राहुल हालदार,अरविंदो बनर्जी और नीलकमल खवास ने आम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में एकल संगीत इंद्रजीत चटर्जी,अमित दास,चयनिका मित्रा,दिशानी दत्ता,प्रणव मुखर्जी,संजय चटर्जी,श्याम बनर्जी साथ ही साथ तबला में इंद्रनील मित्रा,वायलिन में ब्रतीन कहली,अश्मिता मुखर्जी डांस ग्रुप सोरोशी चंद्रा, सपना मैडम,रेशमी साहा,शम्पा मुखर्जी,संचिता बॉक्सी,एकल नृत्य मे श्रुति चंद्रा,और सुबोर्ना बनर्जी अंत में समापन संगीत स्पंदन ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास और अरबिंदो बनर्जी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को तहे दिल से बधाई दी है।

## मासस के प्रत्याशी जगदीश रवानी की जीत को लेकर मासस की बैठक



**बलियापुरः**- बलियापुर प्रखंड के आमटाल पंचायत के बजरंग मंदिर के सामने मासस की ओर से एक बैठक का आयोजन रखा गया. बैठक की अध्यक्षता मितेन रवानी और संचालन पतीत पवन माजी द्वारा किया गया। बैठक उपस्थित में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर पर मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी को जीतने का संकल्प लिया गया।




चतुर्थ राष्ट्रीय स्तरीय योगासन न्यायाधीश प्रशिक्षण 28 अप्रैल से 3 मार्च तक चला जिसमें बहुत सारी चीज बताई गई योगासन में कुछ बदलाव भी हूं उन्हें भी बताया गया यह प्रशिक्षण हमारे डॉक्टर जयदीप आर्य जी के सानिध्य में हुआ उनके योग कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह हमारे देश का खेल है हमारे देश को प्रतिनिधित्व कर रहा है यह हमारे देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अब प्रतियोगिता होना शुरू हो गया पिछले दिन ही अभी युगांडा और अन्य कई देशों में इसकी प्रतियोगिता हुई हैं इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत के कोने-कोने से न्यायाधीश प्रशिक्षण लेने आए प्रशिक्षक की संख्या 180 थी और हमारे झारखंड से भी 6 लोग गए थे प्रशिक्षण लेने

जिसमें से महिला में

प्रियंका, संतोषी , किरण

**रुषों में** प्रशांत, Maley, तुलसी

# अन्नू कुमारी ने की बलियापुर का नाम रोशन : तारा देवी ने किया सम्मानित



**दौड** के लिए जाएगी चीन ओलम्पिक में जाने का है सपना

बाघमारा पंचायत के मोदीडीह निवासी सुभाष चंद्र महतो की बेटी अन्नू कुमारी कुमारी ने मुंबई के अमरावती मॉडर्न पेंटाथेलोन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित लेजर रन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर नेशनल अवार्ड मिलने पर सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो जी के धर्मपत्नी भाजपा नेत्री श्रीमती तारा देवी जी ने शॉल देकर सम्मानित किये व भविष्य में भी आगे बढे माता-पिता का एवं क्षेत्र का नाम रोशन करे इसकी शुभकामना दिए !

कुछ ही दिन बाद चीन जाने वाली है जिसके लिए श्रीमती तारा देवी जी ने आर्थिक सहयोग भी की एवं कही की आगे भी किसी प्रकार की जरुरत पडे हम हमेशा आगे खडी हूँ !

# सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हुए मरीज के लिए तत्काल रक्तदान कर संस्था के द्वारा सहायता प्रदान की गई

**धनबाद** - बीसीसीएल सेंट्रल अस्पताल में भर्ती सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हुए 52 वर्षीय मरीज जिनका दोनों पैर बड़े वाहन से चोटिल होने के कारण टूट चुका था आनन-फानन में मरीज को अस्पताल ले जाया गया जहा डॉक्टर ने बताया कि मरीज के शरीर से बहुत रक्त बह चुका हैं शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई हैं इन्हें तत्काल 2 यूनिट रक्त की आवश्यकता हैं जल्द से जल्द दो यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की व्यवस्था करें l



सूचना मिलते ही सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान सेंट्रल अस्पताल ब्लड बैंक प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए तत्काल रक्त प्रदान करने का आग्रह किया और इसके बदले में संस्था के सदस्य अनिल बरनवाल ने अपना ए पॉजिटिव रक्तदान कर रक्त की पूर्ति की जिसे आपातकालीन परिस्थिति में किसी अन्य मरीज को रक्त उपलब्ध कराया जा सके l

मरीज की तबीयत ज्यादा ख़राब होने के कारण डॉक्टर द्वारा हायर सेंटर भेजने का निर्णय लिया गया इसके बाद मरीज को वर्ल्ड हेल्थ केयर अस्पताल वेस्ट बंगाल दुर्गापुर भेज दिया गया संस्थापक दिपेश चौहान ने कहा कि मरीज को वहां भी रक्त के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं हैं क्योंकि रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे कई सामाजिक संस्था तथा रक्तवीर हैं जिसे हमारी संस्था के द्वारा सूचित कर दिया गया हैं इन्हें वहां भी तत्काल रक्त उपलब्ध करा दी जाएगी l



दिनांक 04/05/2024 को पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो के नेतृत्व में सिंदरी कॉलेज में पुतला दहन किया गया । पंसस रोहित कुमार महतो ने कहा कि आज जिस प्रकार से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के अंगीभूत महाविद्यालय में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को बंद कर दिया गया है और प्रवाइट कॉलेज से मन मर्जी फि लिया जा रहा है उसे साफ तौर पर जाहिर होता है कि धनबाद जिला के जो भी किसान मजदूर दलित मध्यम वर्गीय परिवार से आने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई को बाधित करने के लिए एक षड्यंत्र रचा जा रहा है जो किसी प्रकार से हम लोग चलने नहीं देंगे आखिर क्या वजह है कि झारखंड राज्य के अन्य विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को चालू रखा गया है लेकिन बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में बंद कर दिया गया है विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रहित को देखते हुए सकारात्मक पहल नहीं करती है तो 14/05/2024 को हम लोग माथा मुंडन करके आमरण अनशन करेंगे और जब तक छात्र-छात्राओं का नामांकन इस सत्र में नहीं हो जाता है तब तक आंदोलन चलता रहेगा । मौके पर छात्र छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे ।

# बोकारो में ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ से जलापूर्ति शुरू



**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ से जलापूर्ति शुरू कर दिया है। इस बाबत कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास राम प्रवेश राम ने बताया कि ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ में तकनीकी गड़बड़ी के कारण जलापूर्ति बाधित हो गई थी, जिसे दुरूस्त करा लिया गया है। ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ से पुनः जलापूर्ति सेवा शुरू हो गई है। इससे जरीडीह प्रखंड के तातरी उत्तरी, दक्षिणी, खुटरी, जैना, टांड़ मोहनपुर, बांधडीह उत्तरी, दक्षिणी आदि पंचायतों के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

# बालीडीह में उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

**मौके से 2160 केजी जावा महुआ एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त, टीम ने सामग्रियों को किया नष्ट**



***, बोकारो:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव* के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बालीडीह थाना अंतर्गत करहरिया पंचायत के चिमनगोड़ा जंगल में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की।


मौके से उत्पाद टीम ने 2160 केजी जावा महुआ शराब एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण – बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# * गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी जयराम महतो के घर में चिपकाया गया नोटिस*

धनबाद गोमो। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो के द्वारा गिरिडीह लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो के घर मानटांड में नोटिस चिपकाया गया। नोटिस के माध्यम से बताया गया है कि जयराम महतो का गिरिडीह लोकसभा सीट के लिए 1 मई को नामांकन पत्र दाखिल



किया था। नामांकन पत्र में प्रस्तावकों के हस्ताक्षर को लेकर संदेहास्पद बताया गया है। नोटिस के माध्यम से गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी जयराम महतो को अपने प्रस्तावको व उनके वैध पहचान पत्र के साथ 7 मई को पूर्वाहन 11 बजे से अपराह्न 12:30 के बीच उपस्थित होने को कहा गया है।

## *नाम निर्देशन के छठवें दिन कुल 04 ने लिया नामांकन प्रपत्र*

***बोकारो:** निर्दलीय प्रत्याशी कलावती देवी, सर्व समाज पार्टी प्रत्याशी सुभाष कुमार ठाकुर, भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी प्रत्याशी पप्पु कुमार निषाद, बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कमल प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशी धीरन मदक ने नामांकन प्रपत्र किया दाखिल*

06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के छठवें दिन शनिवार को नाम निर्देशन के लिए कुल 04 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया। जबकि, 05 उम्मीदवारों ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो सह निर्वाची पदाधिकारी 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र विया जाधव ने कहा कि छठवें दिन कुल 04 लोगों ने नामांकन प्रपत्र जिला नजारत शाखा से विधि सम्मत शुल्क भुगतान कर लिया।

वहीं, 05 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। जिनका नाम निम्न हैः

• श्रीमती कलावती देवी, पति धनेश्वर महतो, पो. गलागी, पीएस. निमियाघाट, जिला गिरिडीह, पार्टी – निर्दलीय।
• सुभाष कुमार ठाकुर, पिता धनेश्वर ठाकुर, ग्राम बाधाडीह, पो. चिकसिया, पीएस चास (मु.), जिला बोकारो, पार्टी – सर्व समाज पार्टी।
• पप्पु कुमार निषाद, स्व. छोटे लाल मल्लाह, मल्लाह बस्ती रंगुनी, पो. श्रमिक नगर भूली, पीएस. तेतुलमारी कतरास, जिला धनबाद, पार्टी – भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी।
• कमल प्रसाद, पिता भोला प्रसाद साहू, ग्राम पोस्ट – बिरनी, पीएस नावाडीह, जिला बोकारो, पार्टी - बहुजन समाज पार्टी।
• धीरन मदक, पिता स्व. तारू मदक, ग्राम मंडरो, पो. हरलाडीह, पीएस. खुखरा (पीरटांड), जिला गिरिडीह, पार्टी - निर्दलीय।

आज (दिनांक 04.05.2024) को नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों के नाम निम्न हैः-

• तुलसी महतो, स्व. खीरू महतो, ग्राम लक्ष्मीपुर, पीएस/पो. बेंगाबाद, जिला गिरिडीह, पार्टी - निर्दलीय।
• सुभाष कुमार ठाकुर, पिता धनेश्वर ठाकुर, ग्राम बाधाडीह, पो. चिकसिया, पीएस चास (मु.), जिला बोकारो, पार्टी – सर्व समाज पार्टी।
• जयराम महतो, पिता स्व. बंशी महतो, ग्राम भतुआ बस्ती, पो. बैधमारा, पीएस हरला, जिला बोकारो, पार्टी – निर्दलीय।
• मो. ऐनूल अंसारी, पिता मो. जैनुल अंसारी, ग्राम तेतुलिया, पो. भाटडीह, पीएस महुदा, जिला धनबाद, पार्टी – बहुजन मुक्ति पार्टी।

उल्लेखनीय हो कि, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक कुल 26 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है, जबकि कुल 13 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है

# आगामी 07 मई को शाम 06 बजे से रात्रि 08 बजे तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा #MainBhiElection Ambassador कार्यक्रम को लेकर सोशल मीडिया अभियान का होगा आयोजन

## स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री साकेत कुमार पांडेय ने प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ की बैठक,दी जानकारी







**बोकारो:** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने...,सभी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने #MainBhiElection Ambassador का आयोजन करने का निर्णय लिया है। उक्त बातें स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने कहीं। वह शनिवार को समाहरणालय सभागार में वह प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ आहूत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मौके पर स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग/मंत्रिमंडल निर्वाचन झारखंड के निर्देशानुसार आगामी 07 मई को शाम 06 बजे से रात्रि 08 बजे के बीच सभी Social Media Handles पर #MainBhiElection Ambassador Social Media Campaign संचालित किया जाना है। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जा रहा है। जिले के सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, पेंटिग प्रतियोगिता, स्थानीय और रीजनल भाषा में गाना तैयार करना, मतदाता प्रतिज्ञा शपथ आदि कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने में आप सबों की भूमिका अहम है। उन्होंने अभियान के संबंध में ज्यादा से ज्यादा प्रचार – प्रसार की बात कहीं।

मौके पर स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि #MainBhiElection Ambassador लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आमजन विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों से संबंधित वीडियो एवं फोटो को दिनांक 07.05.2024 को शाम 06 बजे से रात्रि 08 बजे के बीच #MainBhiElectionAmbassador के साथ अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड करेंगे एवं @ECISVEEP/@ceojharkhand/@election95291/@BokaroDc को टैग करेंगे।

स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में शामिल मीडिया प्रतिनिधि जिन्होंने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए सहमति जताई थी। उनके मतदान को लेकर सुविधा केंद्र का निर्धारण पोस्टल बैलेट एवं पीडीबल्यूडी कोषांग द्वारा कर दिया गया है। आगामी 18 से 21 मई के बीच पूर्वाह्न 09.30 बजे से शाम 05 बजे तक वह संयुक्त श्रम भवन सभागार कैम्प-2 बोकारो में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। मौके पर विभिन्न प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि, स्वीप कोषांग के कर्मीगण आदि उपस्थित थे

*** बोकारो:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त विजया जाधव* के निर्देश पर पोस्टल बैलेट पेपर एवं पीडब्ल्यूडी कोषांग ने लोकसभा आम चुनाव 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु तिथि निर्धारित कर सुविधा केन्द्र स्थापित किया है। जहां आहर्ताधारी (मतदान कर्मी/आवश्यक सेवाओं के कर्मी) मतदाता पूर्वाह्न 09.30 बजे से शाम 05 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।

• पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथिः 05.05.2024/06.05.2024, लोकसभा क्षेत्र का नामः सिंहभूम /खूँटी/लोहरदगा/पलामू, सुविधा केंद्र का नामः प्रशिक्षण केन्द्र बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल (BISSS) सेक्टर-2/सी एवं पुलिस केन्द्र, सेक्टर-12, बोकारो।
• पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथिः 14.05.2024/15.05.2024, लोकसभा क्षेत्र का नामः चतरा / कोडरमा / हजारीबाग, सुविधा केंद्र का नामः प्रशिक्षण केन्द्र बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल (BISSS) सेक्टर-2/सी, पुलिस केन्द्र सेक्टर-12 बोकारो एवं प्लस टू हाई स्कूल सेक्टर-2/डी०, बोकारो।
• पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथिः 14.05.2024 से 17.05.2024, लोकसभा क्षेत्र का नामः धनबाद/गिरिडीह/जमशेदपुर/राँची, सुविधा केंद्र का नामः प्रशिक्षण केन्द्र बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल (BISSS) सेक्टर-2/सी, पुलिस केन्द्र सेक्टर-12 बोकारो एवं प्लस टू हाई स्कूल सेक्टर-2/डी०, बोकारो।
• पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथिः 18.05.2024 से 21.05.2024, लोकसभा क्षेत्र का नामः आवश्यक सेवाएं-सभी लोकसभा क्षेत्र, सुविधा केंद्र का नामः संयुक्त श्रम भवन सभागार कैम्प-2, बोकारो,
• लोकसभा क्षेत्र का नामः आवश्यक सेवाएं-सभी लोकसभा क्षेत्र (यातायात पुलिस एवं चालक/उप चालक/सफाई कर्मी (पुलिस), सुविधा केंद्र का नामः पुलिस केन्द्र सेक्टर-12 बोकारो।
• लोकसभा क्षेत्र का नामः चालक/उप चालक/सफाई कर्मी (वाहन कोषांग) सुविधा केंद्रः वाहन कोषांग बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल (BISSS) सेक्टर-8/बी।
• लोकसभा क्षेत्र का नामः आवश्यक सेवाएं - सभी लोकसभा क्षेत्र (मंडल कारा से संबंधित कर्मी) सुविधा केंद्रः चास मंडल कारा, हेल्प डेस्क बोकारो।
• पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथिः 26.05.2024 से 27.05.2024, लोकसभा क्षेत्र का नामः राजमहल/गोड्डा/दुमका लोकसभा क्षेत्र, सुविधा केंद्र का नामः संयुक्त श्रम भवन सभागार कैम्प-2, बोकारो।

**दिव्यांग एवं 85 प्लस मतदाताओं की होम वोटिंग 18 से 20 मई**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने बताया कि पोस्टल बैलेट पेपर एवं पीडब्ल्यूडी कोषांग द्वारा होम वोटिंग को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान कर्मियों की टीम गठित हो गई है। पोस्टल बैलेट के माध्यम से ऐसे मतदाताओं का मतदान दिनांक 18.05.2024 से 20.05.2024 तक होगा।

गिरिडीह (33-डुमरी,34-गोमिया,35-बेरमो) धनबाद (36-बोकारो,37 चंदनकियारी), प्रखंड – चंदनकियारी, चास, पेटरवार, कसमार, बेरमो, जरीडीह,नावाडीह, गोमिया, चंद्रपुरा में पीडब्ल्यूडी एवं 85 प्लस मतदाताओं को मतदान कराने के लिए मतदान टीम घर – घर मतदान कराएगी।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 400 पार का संकल्प पूरा होगा : अमर कुमार बाउरी



**मेदिनीनगर।** पलामू में आयोजित जनसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हम लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का प्रधान सेवक बनाने के लिए खडे हैं। देश के पास एक ऐसा नेता है, जिसके पास विजन है। उनके नेतृत्व में हम देश ही नहीं दुनिया का कल्याण करना चाहते हैं। वहीं, सामने इंडी गठबंधन के लोग देश की प्रगति को रोकना चाहते हैं। कैसे प्रधानमंत्री को रोका जाये, इसके लिए लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं। जनता के आशीर्वाद से जब 400 पार के नारे के साथ प्रधानमंत्री चुनावी मैदान में उतरे, तो इंडी गठबंधन के पसीने छूट गये।

बाउरी ने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या सत्ता में आने के साथ ही शुरू कर दी। उन्होंने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का कभी सम्मान नहीं किया। गरीब, आदिवासी, दलित और वंचितों को संविधान में उठाने की बात करने वाले बाबा साहब को भुला दिया। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें सम्मान देने का काम किया। पूरे विश्व में स्थापित करने का काम किया।

बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में करोडों गरीबों को सिर पर छत मिला है। उन्हें पक्का मकान मिला है। करोडों लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। मुफ्त गैस कनेक्शन दिया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की धरती से प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान भारत योजना की लांचिंग की। इससे गरीबों को 5 लाख रुपए के इलाज की सुविधा मुफ्त मिल रही है।

बाउरी ने कहा कि देश में इमरजेंसी लगाने वाले लोकतंत्र की हत्या की बात कर रहे हैं। राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने वाले लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं।

बाउरी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार दलित, आदिवासी विरोधी है। उसने एक भी दलित को मंत्री नहीं बनाया। सरकार ने बैजनाथ राम का वारंट निकाल कर उन्हें शपथ नहीं लेने दिया। इससे बडा दलितों का अपमान नहीं हो सकता है। इंडी गठबंधन के लोगों के वोट मांगने आने पर यह सवाल उनसे जरूर करें।

# रांची-नई दिल्ली के बीच एक जोडी समर स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी



**पलामू।** यात्री सुविधाओं के मद्देनजर रांची-नई दिल्ली के बीच एक जोडी समर स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी। गाडी संख्या 02877/02878 रांची-नई दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन मुरी-बरकाकाना-टोरी-लातेहार-डालटनगंज-गढवा रोड-जपला-सासाराम-डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर के रास्ते चलायी जाएगी।

गाडी संख्या 02877 रांची-नई दिल्ली समर स्पेशल 10 मई से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को रांची से 23:55 बजे खुलकर शनिवार को 2:40 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। यहां से 2:45 बजे प्रस्थान करेगी और 3:53 बजे टोरी पहुंचेगी। यहां से 03:55 बजे प्रस्थान कर 4:20 बजे लातेहार पहुंचेगी। यहां से 04:22 बजे प्रस्थान कर 05:13 बजे डालटनगंज पहुंचेगी। यहां से 05:15 बजे आगे रवाना होगी और छह बजे गढवा रोड पहुंचेगी। यहां से 06:05 बजे प्रस्थान कर 22:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

गाडी संख्या 02878 नई दिल्ली-रांची समर स्पेशल 11 मई से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को नई दिल्ली से 23:45 बजे खुलकर रविवार को 17:08 बजे गढवा रोड पहुंचेगी। यहां से 17:10 बजे प्रस्थान कर 17:40 बजे डालटनगंज पहुंचेगी। यहां से 17:42 बजे चलकर 18:40 बजे लातेहार पहुंचेगी। यहां से 18:42 बजे रवाना होगी और 19:10 बजे टोरी पहुंचेगी। यहां से 19:12 बजे चलकर 21:25 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। यहां से 21:30 बजे प्रस्थान कर 00:15 बजे रांची पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 18 कोच होंगे।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

अलग पहचान


# सदर अस्पताल में बढाया जाएगा मैन पावर व लगाए जाएंगे अतिरिक्त बेड, डीडीसी सह नोडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**साहिबगंजः-** जिला मुख्यालय के सबसे बडे सदर अस्पताल में इलाज कराने के लिए दूरदराज समेत शहरी इलाकों से आने वाले मरीजों को और भी अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ देने के लिए नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा लगातार निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं। जहाँ इसी कडी में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी सह डीडीसी सतीश चंद्रा ने वेयर हाउस सभागार में अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों व चिकित्सकों के साथ बैठक की। उधर बैठक करने के बाद उन्होंने मॉड्यूलर ओटी का निरीक्षण किया। जहां बर्न वार्ड के ठीक ऊपर बनाए जाने वाले अतिरिक्त 25 बेडों के भवन निर्माण को लेकर स्थल का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश दिए। वही मॉड्यूलर ओटी का मुआयना करते हुए इसे जल्द से जल्द चालू करने की बात कही। वही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि सदर अस्पताल में मैन पावर की कमी को दूर करते हुए यहाँ अपना इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों को कैसे कम संसाधन में गुणवत्तापूर्ण इलाज किया जा सकें। आगे उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सदर अस्पताल में कई तरह के बदलाव जिलेवासियों को देखने को मिलेंगे। इस मौके पर कई विभागों के अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नगर प्रभाग इंस्पेक्टर ने की क्राइम मीटिंग की समीक्षा बैठक



साहिबगंजः पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को नगर प्रभाग इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने थाना प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण गोष्ठी को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। जहां बैठक के दौरान पिछले माह में दर्ज हुए कांडों की समीक्षा करते हुए उसमें प्रगति लाने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया। वही लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान, वारंटियों की धर पकड़, कुर्की जब्ती सहित विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई तरह के दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय, मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

# वाहन ने बिजली पोल में मारी टक्कर, बिजली आपूर्ति बाधित



**कोटालपोखरः-** थाना क्षेत्र के शांति मोड़ के नया दुर्गा मंदिर के सामने शुक्रवार के मध्य रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से लोहे के बिजली का पोल बैंड होकर नीचे गिर गया। जहां शनिवार को हादसे की सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर लोहे के बैंड पोल को हटाया और फिर से बिजली के पोल लगाकर करीबन 14 घंटे के बाद दोबारा बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। उधर बिजली विभाग को सूचना मिलने के बाद कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर शीघ्र ही बिजली के पोल को उठाया तथा काम शुरू कर दिया। वही बिजली विभाग की टीम के द्वारा तारों को दुरुस्त करके दोपहर के 4 बजे के आसपास बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

# भीषण गर्मी में पेयजल संकट का दंश झेल रहे राहगीर व ग्रामीण

**साहिबगंजः** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी में महज दो किलोमीटर की दूरी तय करना भी इन दिनों राहगीरों के लिए काफी पीड़ादायक बनी हुई है। जहां मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करमटोला से होते हुए मां रक्सी स्थान जाने वाली मुख्य सड़क पर आज तक एक भी सरकारी हैंड पंप नहीं लगाया गया है। जहां मां रक्सी स्थान में हर शनिवार व मंगलवार को दूर दूर से भक्तजनों का आना जाना दिनभर लगा रहता है इस बीच रास्ते में कहीं भी सरकारी हैंडपंप नही रहने के कारण राहगीरों के साथ भक्तजनों एवं उसके आसपास गुजर बसर करने वाले ग्रामीणों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उधर जबकि झारखंड सरकार के पेयजल विभाग की नजर इस ओर जा ही नही रही है जिसके कारण यहाँ के ग्रामीणों के साथ साथ इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को भी एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। वही इस मामले को लेकर जिले के विभागीय अधिकारी को ध्यान देने की आवश्यकता है।

# झामुमो प्रखंड कार्यालय में बूथ कमिटी की बैठक हुई आयोजित



**बोरियोः** शनिवार को बोरियो प्रखंड के बोरियो बरहेट मुख्य पथ पर स्थित झामुमो कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी की अध्यक्षता में बूथ कमेटी की विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य स्टीफन मुर्मू शामिल हुए। उधर बैठक के दौरान केंद्रीय समिति सदस्य स्टीफन मुर्मू ने सभी बूथ कमेटी व बूथ के सक्रिय कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लोग अपने अपने बूथ पर मजबूती से रहने का निर्देश दिया गया। साथ ही आगामी दिनांक 10 मई शुक्रवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी सह सांसद विजय हांसदा के नामांकन पर बोरियो प्रखंड से हज़ारों की संख्या में वाहन व बाइक के माध्यम से जिला मुख्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने के कार्यक्रम में कुच करेंगे। साथ ही सभी को एकजुटता के साथ राजमहल लोकसभा से झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा को जीताने का संकल्प लेना है ताकि हम सभी पुनः अपने नेता को दिल्ली में हमारे आदिवासी दलित और अल्पसंख्यक के आवाज़ों को उठा सके। साथ ही पार्टी के अगले बड़े तय कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन रजक, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष मंडल मरांडी, प्रखंड कोषाध्यक्ष शकील अहमद, जिला सोशल मीडिया सदस्य सह संगठन सचिव मो. एजाज़ अंसारी, संयुक्त सचिव लक्ष्मण बेसरा, युवा नेता मिट्ठू कुमार दत्ता सहित दर्जनों झामुमो के समर्पित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बरहेट पुलिस ने ढोल नगाड़ों के साथ आठ वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार



**बरहेटः** थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआटांड़ गांव में कांड संख्या 102/19 के मामले में कोर्ट से जारी इश्तेहार वारंटी के घर पहुंचकर बरहेट थाना क्षेत्र की पुलिस ने आठ अभियुक्त के घरों में इश्तहार चिपकाए। मिली जानकारी अनुसार महुआटांड़ गांव के करण सोरेन पिता जेम्स सोरेन, सुफल हेंब्रम पिता बाबूराम हेंब्रम, मांझी सोरेन पिता चंदन सोरेन, मंझला मुर्मू पिता बाबूराम मुर्मू, जादू सोरेन पिता चंदन सोरेन, तेश मुर्मू पिता झमरू मरांडी एवं लालू सोरेन के खिलाफ इश्तिहार निर्गत किया गया था। जहां थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ गांव पहुंचने के बाद ढोल नगाड़े बजाकर लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2019 में महिला के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में आठ अभियुक्त फरार चल रहे हैं इसके पूर्व बरहेट थाना पुलिस ने कई बार नोटिस भी किया है लेकिन अब तक कोई भी अभियुक्त हाजिर नहीं हुए। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर पूर्व में कई बार छापेमारी भी की लेकिन लंबे समय से अभियुक्त फरार चल रहे हैं। वही एसडीजेएम कोर्ट के द्वारा जारी किए गए वारंट इश्तेहार निर्गत होने के बाद न्यायालय के आदेश पर बरहेट पुलिस अभियुक्त के घर के बाहर इश्तहार चिपकाकर एक महीने के अंदर न्यायालय या थाने में आत्मसमर्पण करें अन्यथा कोर्ट द्वारा आदेश आने पर अचल संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उधर गांव में पुलिस द्वारा माईकिंग कराकर जल्द से जल्द सभी अभियुक्तों को सरेंडर करने की अपील की। इस मौके पर एएसआई महानंद ओझा, विक्रम कु. बावरी, स्टेंडर मांझी, हवलदार शिव कुमार, सुनील सोरेन, महेश यादव, राजकुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# पीरामल फाउंडेशन के तरफ से आयोजित किया गया प्रशिक्षण शिविर



**मंडरोः** आकांक्षी मंडरो प्रखंड सभागार में छह विभाग के सहयोग से एकीकृत गहन संदिग्ध मामले की खोज होने वाले वेक्टर बॉर्न डिजीज के बारे में शनिवार को प्रशिक्षण दी गई। जहां बीडीओ मेधनाथ उरांव, एमटीएस प्रवीण सिन्हा, डॉ. एनएन सिंह, पीरामल फाउंडेशन के डीपीओ आबिद सरदार, रजिया उमर, एसडीसी शैलेंद्र कुमार के सहयोग से बैठक में शामिल कर्मी द्वारा वेक्टर बॉर्न बीमारी कालाजार, मलेरिया, फाईलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जैपनिज इंसेफलाइटिस एवं अन्य बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वही बताया गया कि 6 मई से 10 मई तक संदिग्ध मरीज की पहचान को लेकर मरीज का जांच कैसे करना है जिसको लेकर माइक्रोप्लान सांझा किया गया। उधर सभी बीमारियों की जानकारी को लेकर बारी बारी से बताया गया। उधर आकांक्षी प्रखंड को रोग मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील गई। इस प्रशिक्षण में शामिल प्रथम पाली के सभी सेविका को प्रशिक्षण दिया गया व द्वितीय पाली में सभी सहिया, सहिया साथी, एमपीडब्ल्यू, एएनएम एवं सीएचओ को प्रशिक्षण दिया गया।

# बोरियो विधायक प्रतिनिधि ने कौड़ी खुटाना में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**मंडरोः** बोरियो विधानसभा क्षेत्र से झामुमो पार्टी के वर्तमान विधायक सह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने वाले लोबिन हेंब्रम के पुत्र सह विधायक प्रतिनिधि अजय हेंब्रम ने शनिवार को ग्राम पंचायत कौड़ी खुटाना खेल मैदान में सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ बूथ जीतो चुनाव जीतो कार्यक्रम के तहत बूथ कमेटी के सदस्यों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की। इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। उधर बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं में बेहद ही जोश देखा गया। इधर अगामी लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित कराने को लेकर भी रणनीति बनाई गई। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोरियो विधायक प्रतिनिधि अजय हेंब्रम ने कहा की राजमहल लोकसभा सीट से आगामी लोकसभा चुनाव जितना है और भारतीय जनता पार्टी एवं झामुमो पार्टी को सबक सिखाना है कि वर्तमान सांसद विजय हांसदा लोकसभा के तमाम जनता को विकास कार्य के नाम पर किस प्रकार मूर्ख बनाने का कार्य किया हैं। आगे उन्होंने कहा कि आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव प्रत्याशी के रूप में बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस बैठक के मौके पर विधायक प्रतिनिधि अब्दुल जब्बार अंसारी, बड़कु मुर्मू, समशेर अंसारी, निरंजन हेंब्रम, सोनू भगत, सनाउल्लाह अंसारी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इंटरसिटी ट्रेन पर चढ़ने के दौरान एक युवक का कटा पैर



**मंडरोः** मालदा डिवीजन अंतर्गत मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन पर शनिवार को साहिबगंज दानापुर इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आ जाने से एक युवक का पैर कट गया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों की मदद पीड़ित के मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी गई। इधर घटना के बाद रेलवे पुलिस के द्वारा पीड़ित का उपचार को लेकर पहल की जा रही थी। वही पीड़ित का पहचान बिहार के कहलगांव थाना क्षेत्र स्थित बाबू टोला गांव निवासी देवन चौबे पिता जीवन चौबे के रूप में हुई है। वही घटना उस वक्त का बताया जा रहा है जब मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन से ट्रेन खुल गई थी उसी के दौरान इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन पर युवक चढ़ रहा था जहां उसका पैर फिसल गया जिससे उसका पैर कट गया।

# पतना सभागर में इलेक्शन एंबेसडर अभियान को लेकर बैठक आयोजित



**पतनाः** प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में पतना बीडीओ की अध्यक्षता में भी इलेक्शन एंबेसडर अभियान को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में प्रखंड सभागार के सभी ऑपरेटर, विद्यालयों के प्रधान अध्यापक एवं सभी जन प्रणाली एवं बीएलओ, जेएसएलपीएस के कर्मियों के साथ बैठक की गई। उधर बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाया जा रहा है इसको लेकर विभिन्न स्तरों पर जागरूकता अभियान भी चल रहा हैं। वही चुनाव में सभी का समान अधिकार है, हम सभी को इसमें अपना योगदान देना होगा और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। वही लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य के सभी स्कूल, कॉलेज के बच्चों, प्रभावशाली व्यक्तियों, मशहूर हस्तियों और सभी को 7 मई को शाम 6 बजे से 8 बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड कराया जाना है।इस बीच, मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने और चुनाव के महापर्व को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने काम की डिजिटल सामग्री सोशल मीडिया पर अपलोड करनी चाहिए।

# बीडीओ ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण




**उधवाः** लोकसभा चुनाव को लेकर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ विशाल पांडे ने शनिवार को उधवा प्रखंड के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुही टोला, मध्य विद्यालय अमानत दियारा सहित अन्य बूथों का इस दौरान निरीक्षण किया गया। जहां निरीक्षण के दौरान रैंप, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, बिजली, मोबाइल चार्ज सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को बारी बारी से देखा गया। साथ ही उन्होंने मतदान केंद्र में कमी पाएं जाने पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य को जल्द से जल्द सभी कमियों को पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर निर्वाचन नोडल सह बीपीओ गगन बापू मौजूद थे।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



**साहिबगंजः** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जहां बैठक में उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं व्यक्तियों का परिचय प्राप्त किया गया एवं स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उधर उपायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की परिभाषा एवं उसके लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। आगे उन्होंने बताया गया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भारत में स्थित मानव जीवन को स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक स्वैच्छिक मानववादी संगठन है। इसका कार्य न केवल स्वास्थ्य संबंधी निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराना है अपितु आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में जीवन रक्षक सभी सामग्रियों को जरूरतमंदों तक पहुंचाना भी है। वही उपायुक्त द्वारा सोसाइटी के सफल संचालन हेतु विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। जहां बैठक में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा हेल्थ कैंप, रक्तदान शिविर के आयोजन करने की रुपरेखा तय करने के संबंध विचार विमर्श किया गया। साथ ही सोसाइटी को सुचारु रुप से संचालित करने हेतु कार्यालय स्थापित करने के संबंध में निर्देश दिए गए।

आगे उन्होंने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक अब प्रत्येक माह को आयोजित की जाएगी। वही कहा कि जनहित कार्यों को विशेषकर बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उधर उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि 8 मई 2024 को सदर प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाए। वही जिला अंतर्गत सभी सरकारी कर्मचारी, संविदा कर्मी एवं पदाधिकारी को ₹500 सदस्यता शुल्क देकर वार्षिक सदस्य बनाने हेतु निर्देश दिया गया। इस कार्य हेतु सभी विभागों को पत्र देने का निर्देश दिया गया। वही हर वित्तीय वर्ष के कार्य योजना में सचिव द्वारा पेट्रोन मेंम्बर 200 तथा वाइस पेट्रोन मेंम्बर को 500 का लक्ष्य रखा गया है। जहां सभी अपनी अहम भूमिका निभाते हुए समय समय पर स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं विभिन्न क्षेत्रों में लोगों में हित में कार्य किए जाए इसमें सामूहिक प्रयासों से सकारात्मक परिणाम प्रदर्शित होंगे। इस मौके पर जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, नगर परिषद के सिटी मैनेजर बृजेश कुमार, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय कुमार एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के कई सदस्य मौजूद थे।

अलग पहचान



# अग्निशमन टीम द्वारा छात्रों को भूकंप व आग से बचने के दिए टिप्स

**संवाददाता संजीव शर्मा**

**बालैनी।** बाखरपुर बालैनी के दिल्ली नेशनल पब्लिक स्कूल में फायर ब्रिगेड टीम द्वारा छात्रों को भूकंप या आग जैसी आपदा आने पर बचने के तरीके बताए गए। टीम ने आग लगने पर विभाग को सूचित करने और अग्निशमन यंत्र के उपयोग करने की भी जानकारी दी।



शुक्रवार को बाखरपुर बालैनी के दिल्ली नेशनल पब्लिक स्कूल में फायर ब्रिगेड टीम द्वारा छात्रों को आपदा से तुरंत बचाव की जानकारियां दी गई। एफएसएसओ विश्वास मलिक के निर्देशन में टीम ने छात्रों को फायर ऑडिट, मॉक ड्रिल एवं इवेक्वेशन कराया।साथ ही छात्रों को जानकारियां दी गई कि, यदि भूकंप का खतरा है,तो आप स्वंय को कैसे सुरक्षित रख सकते है और कहीं पर आग लगने पर तुरंत विभाग को सूचित करने व अग्निशमन यंत्रों से आग कैसे रोकी जाए, इस बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ रुचि शर्मा, अर्जुन शर्मा, इंदु शर्मा, अंकित यादव, विपिन पाल, नीतू शर्मा, एकता आदि मौजूद रहे।

# एक तरफ संचारी रोग नियंत्रण अभियान दूसरी ओर लूम्ब गांव के मुख्य मार्ग पर गंदगी और दुर्गंयुक्त पानी

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**छपरौली।** लूम्ब गांव की गलियों में भरा पानी, स्वास्थ्य विभाग सहित सरकार के संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर सवालिया निशान लगा रहा है।

बता दें कि,इन दिनों जहां एक ओर सरकार संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाकर स्वच्छता का पैगाम दे रही है, वहीं दूसरी तरफ सरकार की इस योजना की पोल लूम्ब गांव में खुल रही है। यहां पर गलियों में पानी भरा हुआ है तथा पानी पर मच्छर तैर रहे हैं। बताया तो यह भी जा रहा



है कि इस गांव में न तो सफाई अभियान चलाया गया और न ही अभी तक फागिंग की गई। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने उच्च अधिकारी से वार्ता कर समाधान करने का अनुरोध किया।

समाजसेवी मनीष चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि, उनके गांव में मुख्य मार्ग पर जल भराव की समस्या बनी हुई है, जिसकी कई बार शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला, लिहाज़ा संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गंभीरता पर सवाल उठने लगे हैं।

# 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवसः रेड क्रॉस समिति द्वारा रक्तदान शिविर की सफलता के प्रयास जारीः अभिमन्यु गुप्ता

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।विश्व** रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेड क्रॉस समिति , लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल 321 सी 1 एवं टाटा मोटर्स दिल्ली रोड काठा के सहयोग से लगेगा रक्तदान शिविर। जिला संयुक्त अस्पताल बागपत की रक्त बैंक प्रभारी डॉ ऐश्वर्या चौधरी के नेतृत्व में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन काठा - पाली के मध्य स्थित टाटा मोटर्स दिल्ली रोड पर किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए जिला रेडक्रास समिति के सचिव एवं रक्तदान शिविर के मुख्य संयोजक ला अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि, विश्व रेडक्रॉस दिवस को इसबार जनपद में बड़े उत्साह से मनाया जाएगा तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। बताया कि,शिविर को सफल बनाने के लिए शिविर संयोजक व



टाटा मोटर्स के प्रबंधक नीरज कपूर, संयोजक ला कपिल गुप्ता ला अंशुल जैन जिला रेड क्रॉस समिति के प्रभारी डॉ एमएम भदोरिया अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा लगातार लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है।

# बालिका विद्यापीठ के वार्षिकोत्सव समारोह में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**संवाददाता मनोज कलीना**

**बिनौली।** मूर्ति देवी बालिका विद्यापीठ में स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में छात्र छात्राओं ने मधुर संगीत की धुनों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबकों मंत्रमुग्ध किया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जीबी पंत इंजीनियरिंग कालेज दिल्ली में प्रो डा कृष्णा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि, हमारी युवा पीढी देश का भविष्य है। लगन व कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। संस्था चेयरमेन विनोद गिरि ने कहा कि, क्षेत्र






में बालिकाओं के लिए बेहतर शिक्षा मुहैय्या कराने के उद्देश्य से संस्था की स्थापना की गई है। हाल ही में संस्था को सीबीएसई से मान्यता मिल गई है। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, बम बम बोल मस्ती में डोल, भरत नाट्यम् नृत्य, राम आयेंगे, घोड़े जैसी चाल हाथी जैसी दुम, चक दुम दुम, हम नहीं सुधरेंगे, केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम, बावन गज का दामन पहर, छोटा बच्चा जान के ना कोई आंख दिखाना रे आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर भाव विभोर किया। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

शोएब खान के संचालन में हुए समारोह में प्रधानाचार्य रीना गोयल, राजीव गोस्वामी,धर्मेंद्र तोमर, मा सीताराम, एसआई ओमवीर सिंह तोमर, अरुण धामा, अमित धामा, मुनीफ प्रधान, महेंद्र गोस्वामी, नीटू जैन, बिल्लू सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिविर लगाकर हज यात्रियों के 146 स्वास्थ्य की जांच , बीमारियों से बचाव के लिए किया टीकाकरण

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** हज यात्रियों के लिए लगाया गया स्वास्थ्य शिविर। जांच और खानपान के लिए जरूरी हिदायतों के साथ ही बीमारी से रोक टीके भी लगाए गए ।

नगर के नवाब शौकत हमीद पब्लिक स्कूल में हज यात्रियों के लिये स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया , जिसमें 146 हज यात्रियों का रजिस्ट्रेशन कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा खून, ब्लड प्रेशर , शुगर आदि की जांच की गई तथा पोलियो एवं अन्य बीमारियों का टीकाकरण भी



किया गया। शिविर में हज यात्रियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियों भी दी गई और उन्हें बीमारियों से बचाव के जरूरी टिप्स भी दिए गए।

हज यात्रियों को बताया गया कि ,इस समय गर्मी काफी पड़ रही है, इसलिए वह अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। खाने में दूध, दही, हरी सब्जियां तथा मौसमी फलों का प्रयोग जरूर करें। बीच-बीच में पानी पीते रहें और धूप में निकलने से बचें। नींबू पानी भी स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा है, इसलिए इसका भी सेवन करते रहें। स्वास्थ्य शिविर में कोर एडरा के बीएमसी मुजीबुर्रहमान एवं मंजू शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# बुढसैनी गांव के जंगल में 4 नलकूपों से बिजली का कीमती सामान चोरी

**संवाददाता संजीव शर्मा**

**बालैनी।** क्षेत्र के बुढसैनी गांव के जंगल में बीती रात चोरों ने नलकूपों को निशाना बनाते हुए चार नलकूपों से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी किया। पीडितों ने घटना की तहरीर बालैनी थाने में दी है। दूसरी ओर चोरी की घटना से आहत किसानों के खेतों में फसलों की सिंचाई भी न होने से गर्मी के चलते और भी परेशानी हो गई है।

क्षेत्र के बुढसैनी गाँव के जंगल में बीती रात चोरों ने सुनील, मनोज, ऋषिपाल और भोरे के नलकूपों को निशाना बनाते हुए वहां से हजारों रुपये कीमत के स्टार्टर, तार, तांबा सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह होने पर किसान जब अपने खेतों में पहुँचे, तो उन्हें घटना का पता चला। पीडित किसानों ने घटना की तहरीर बालैनी थाने पर दी है और पुलिस से रात में गश्त बढाये जाने की मांग की है।

# शिक्षा,सेवा और सौहार्द के प्रति समर्पित समाजसेवी मा सत्तार अहमद को मिला नीरा अमृत सम्मान

**ब्यूरो डा योगेश कौशिक**

**बागपत।** इंसानियत को गौरवान्वित करने वाले बसौद निवासी मा सत्तार अहमद को शिक्षा, समाजसेवा, देशभक्ति के प्रति जागरूकता सहित अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए नीरा अमृत सम्मान से अलंकृत किया गया।

सम्मान के आयोजक डा हिमांशु शर्मा ने विदूषी और छात्राओं की शिक्षा के लिए समर्पित रही स्व नीरा अमृत अपने मृदु व्यवहार और सौहार्द के लिए भी जानी जाती थी तथा उनके पति रामसेवक शर्मा आज भी ज्ञान की ज्योति जलाने में भरपूर सहयोग व निर्देशन में लगे रहते हैं। महान् विदूषी नीरा अमृत की



स्मृति में शुरू किया गया यह सम्मान इसबार गांव बसौद निवासी मा सत्तार अहमद को दिया गया है, जिन्होंने बिजनौर में उर्दू टीचर के पद पर चयन को ठुकराते हुए मा- बाप की सेवा और समाज को सही राह दिखाने की ठानी तथा जीवन यापन के लिए खेती और दूध का व्यवसाय चुना।

मुस्लिम बाहुल्य गांव बसौद में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से वर्ष 1983 में एसआर माउंटेसरी स्कूल की स्थापना की और कक्षा 5 तक के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वर्ष 2012 में स्कूल का नाम बदलकर एम अल अमन स्कूल रख दिया।

मा सत्तार का शगल है कि, उनके गांव में शादी होकर आयी बेटियों को इंटर और ग्रेजुएशन कराने और निर्धन बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उच्च शिक्षा दिलवाई जाए। मा सत्तार अहमद ने सम्मानित किये जाने के लिए आयोजनकर्त्ता डा हिमांशु शर्मा व उनके प्रतिनिधि विपुल जैन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी नौशाबा, पुत्र समीर अहमद, पुत्रवधू रूबीना त्यागी, पुत्री तरन्नुम, राशिद, रहमान आदि उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा पखवाडे के अंतिम दिन 51 वाहन चालकों की हुई नेत्र जांच

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर जिले के परिवहन विभाग द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 51 वाहन चालकों के नेत्रों की जांच के साथ ही आवश्यक हिदायतें भी दी गई।

संभागीय परिवहन अधिकारी एके सिंह राजपूत ने बताया कि, शिविर में 51 वाहन चालकों के नेत्रों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभी वाहन चालकों को वाहन का संचालन, सड़क सुरक्षा नियमों के अंतर्गत करने के लिए दिशा- निर्देश देते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया व वाहन चालकों को समय-समय पर नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराने




हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान वाहन चालकों को नियम विरुद्ध वाहन का संचालन करने पर होने वाले चालान एवं अर्थदंड शुल्क से भी अवगत कराया गया। साथ ही कहा कि ,वह शराब पीकर वाहन न चलायें। निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं और अपना तथा दूसरों के जीवन का भी ख्याल रखें। बता दें कि, सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 22 अप्रैल से शुरू हुआ था ,जो आज नेत्र जांच शिविर के आयोजन के साथ ही संपन्न हो गया।

# अभियुक्त को रिमांड पर लेकर हत्या में प्रयुक्त छुरा बरामद

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।** थाना पुलिस ने उमर की हत्या के आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही फर हत्या में प्रयुक्त छुरा बरामद किया है।

बता दें कि, उमर की हत्या



के आरोप में उसके भाई वाहिद पुत्र अशफाक ने समीर, तौफीक, कदीम सहित उनके पिता शफीक उर्फ हड्डी को नामजद कराया गया था। पुलिस ने आज समीर को पुलिस अभिरक्षा में रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त छुरा बरामद किया है।

# एक कुंतल से अधिक अवैध पटाखों सहित निर्माण सामग्री भी बरामद, एक गिरफ्तार

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत ।** थाना पुलिस ने अवैध विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से तैयार व अधबने 119 किग्रा अवैध पटाखे, पटाखे बनाने की सामग्री एवं एक अवैध तमंचा .315 बोर मय 1 जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।

अपराध और अवैध गतिविधियों



को रोकने की मुहिम के चलते थाना पुलिस ने अग्रवाल मंडी टटीरी में नईम पुत्र तौसीर के कब्जे से भारी मात्रा में तैयार पटाखे व बनाए जाने में इस्तेमाल होने वाली अवैध सामग्री सहित एक तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। इस सफल अभियान का नेतृत्व एसआई कृष्णवीर सिंह व उपनिरीक्षक महिला दीपशिखा द्वारा किया गया।